दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



दिवालिया होने की कगार पर साफ्ट कंपनी रसना...
भारत का रूस से कच्चा तेल आयात घटकर सात माह के निचले स्तर पर

वर्ष : 09 | अंक : 272 | लखनऊ, 05 सितम्बर, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 33.c
न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**
सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
सेंसेक्स 64,948.66
19,310.15

# यूपी सरकार राज्य के युवाओं के लिए कर रही कोशिश

## एजुकेशन सिस्टम को देश में नंबर वन बनाने का लक्ष्य

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को देश में नंबर एक बनाने को लेकर योगी सरकार ने बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। नीति आयोग द्वारा जारी स्कूल एजुकेशन क्वालिटी इंडेक्स (एसईक्यूआई) और परफॉर्मेंस ग्रेड इंडेक्स (पीजीआई) में प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उत्तर प्रदेश में कुल 1.41 लाख परिषदीय व माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें तकरीबन 2.37 करोड़ विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। योगी सरकार की ओर से इस वित्तीय वर्ष में 83 हजार करोड़ रुपए शिक्षा पर खर्च किये जा रहे हैं। प्रति छात्र के हिसाब से देखें तो ये धनराशि 35 हजार रुपये सालाना है।

2017 में सत्ता संभालने के बाद से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिला है। कायाकल्प अभियान के तहत प्रदेश के जर्जर स्कूलों की दशा सुधारने का कार्य तेजी से हुआ है। बीते अगस्त माह में ही प्रदेश सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण का शुभारंभ भी कर दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से अबतक 1.36 लाख परिषदीय विद्यालयों का मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ कायाकल्प किया जा चुका है। वहीं 1.64 लाख शिक्षकों की पारदर्शितापरक नियुक्ति को सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। शिक्षकों से जुड़ी सेवाओं को ना सिर्फ मानव संपदा पोर्टल के जरिए डिजिटलीकरण किया गया है, बल्कि बच्चों की शिक्षा से जुड़ी सामग्रियों के लिए 1.91 करोड़ अभिभावकों के खाते में सीधे धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। इसके अलावा विद्या समीक्षा केंद्र के रूप में रियल टाइम मॉनीटरिंग एवं ग्रीवांस रिड्रेसल मैकेनिज्म भी योगी सरकार ने विकसित किया है।

योगी सरकार का अगला बड़ा लक्ष्य 2026 तक प्रदेश के 5760 विद्यालयों को विश्वस्तरीय अध्ययन सुविधाओं से जोड़ते हुए यूपी को शिक्षा के क्षेत्र में निपुण प्रदेश घोषित करने पर है। हर कोई जानता है कि 6 साल पहले तक प्रदेश में नकलविहीन परीक्षाएं आयोजित करना एक सपना हुआ करता था। आज 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं ना सिर्फ पूरी तरह नकल मुक्त हुई हैं, बल्कि इसके लिए प्रदेश के विद्यालयों में अबतक 3 लाख से भी अधिक कैमरों को स्थापित की जा चुकी है। यही नहीं आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए भी 'शारदा' और दिव्यांग बच्चों के लिए 'समर्थ' कार्यक्रम संचालित किया गया है। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी कक्षा 12 तक उच्चीकृत किया गया। वहीं प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों के शुभारंभ को भी शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

इन सबके साथ ही योगी सरकार का जोर प्रदेश के स्कूलों में जल्द से जल्द जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करने पर है। इसके लिए प्रति विद्यालय 7.8 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे। ये धनराशि विभिन्न वित्तीय स्रोतों एवं अंतर्विभागीय कन्वर्जेंस से विद्यालयों के लिए मुहैया कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पहले ही दे दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से स्कूलों के कायाकल्प के लिए 11 हजार करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जानी है। इसमें से 5500 करोड़ रुपए राज्य/केंद्र वित्त आयोग, 3900 करोड़ रुपए राज्य निधि, 450 करोड़ रुपए जल जीवन मिशन, 415 करोड़ रुपए नगर निकाय, 250 करोड़ रुपए सीएसआर फंड और 20 करोड़ रुपए जिला खनिज निधि से प्राप्त किये जाएंगे।

# अगर बीजिंग अपना रुख नहीं बदलता तो भारत एक चीन नीति के समर्थन पर पुनर्विचार करे : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा अगर चीन एक भारत की नीति को स्वीकार नहीं करता है तो भारत को भी बीजिंग की एक चीन की नीति का समर्थन करने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की विदेश नीति पारस्परिक आदान-प्रदान के आधार पर होनी चाहिए। उमर अब्दुल्ला ने पूछा कि चीन को जम्मू-कश्मीर या भारत के किसी अन्य हिस्से में किसी भी बैठक से समस्या क्यों होनी चाहिए? नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि अगर चीन इसी रुख पर कायम रहता है, तो भारत को भी तिब्बत, ताइवान और हांगकांग पर सवाल उठाना चाहिए।

पूर्व विदेश राज्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, मुझे लगता है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सरकार अपनी एक चीन की नीति के प्रति समर्थन को दोहराती रहती है। इसके बावजूद चीन किसी कारण से इसपर पारस्परिक प्रतिक्रिया नहीं देता। उन्होंने कहा, हमारी विदेश नीति हमेशा पारस्परिक आदान-प्रदान पर आधारित होनी चाहिए। यदि चीन एक भारत नीति को स्वीकार नहीं करता है, तो भारत को भी एक चीन नीति क्यों स्वीकार करनी चाहिए।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह एकतरफा नहीं होना चाहिए कि भारत में जो कुछ होता है उस पर केवल चीन ही सवाल उठा सकता है, न कि उसकी दूसरी ओर से सवाल उठते हैं। मेरा मानना है कि अगर चीन यह जारी रखेगा तो भारत को भी अपनी एक चीन नीति पर दोबारा विचार करना होगा। चीन जी-20 का सदस्य है और पाकिस्तान ने कश्मीर में जी-20 की बैठक आयोजित करने के फैसले पर आपत्ति जताई थी, जिसे वे विवादित कहते हैं। वहीं, चीन अरुणाचल प्रदेश पर भारत की संप्रभुता पर आपत्ति जताता है। हालांकि, भारत लगातार चीन और पाकिस्तान के ऐसे दावों को खारिज करता रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अकबर लोन के 'पाक समर्थित भाषण' पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**संविधान के प्रति निष्ठा का शपथ पत्र दाखिल करने को कहा**

**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद मोहम्मद अकबर लोन को एक हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें कहा गया हो कि वह भारत के संविधान के प्रति निष्ठा रखते हैं और जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग है। शीर्ष अदालत का आदेश केंद्र द्वारा 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पटल पर लोन द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने पर कड़ी आपत्ति जताने के बाद आया है। इससे पहले दिन में केंद्र ने मांग की थी कि उन्हें एक हलफनामा दायर करना होगा जिसमें कहा गया है कि वह वह भारत के संविधान के प्रति निष्ठा रखते हैं' और वह 'पाकिस्तान द्वारा...आतंकवाद का विरोध और आपत्ति करते हैं। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सामने कहा कि सदन के पटल पर पाकिस्तान जिंदाबाद की लोन की टिप्पणी की अपनी गंभीरता है। लोन संविधान के अनुच्छेद 370 में किए गए बदलावों को चुनौती देने वाली याचिकाओं में एक प्रमुख याचिकाकर्ता हैं। यह मामला गैर सरकारी संगठन रूट्स इन कश्मीर ने अदालत के समक्ष उठाया था। मेहता ने कहा कि अदालत को इस नजरिए से देखना चाहिए कि अनुच्छेद 370 को जारी रखने की मांग कौन कर रहा है। मेहता ने कहा कि लोन कोई सामान्य व्यक्ति नहीं हैं बल्कि वह संसद सदस्य हैं और यह पर्याप्त नहीं है कि वह पश्चाताप व्यक्त करें। उन्हें कहना होगा कि मैं जम्मू-कश्मीर या अन्य जगहों पर पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद और किसी भी अलगाववादी गतिविधि का विरोध और आपत्ति करता हूं। इसे रिकॉर्ड पर आना चाहिए।

### कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में नागफनी रोपण को बढ़ावा दिया जाएगा : गिरिराज सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बंजर भूमि को पुनः उपजाऊ बनाने, आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ जैव ईंधन के उत्पादन की संभावना तलाशने के लिए कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में नागफनी (कैक्टस) के रोपण को बढ़ावा देने पर सरकार विचार कर रही है। सिंह ने यह भी बताया कि राजस्थान के हिंगोनिया में इस्कॉन गौशाला के आसपास स्पाइनलेस कैक्टस लगाने की एक पायलट परियोजना वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का लगभग 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र बंजर भूमि की श्रेणी में है।

सिंह ने कहा, हम बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और नागफनी एक ऐसा पौधा है जो बहुत कम सिंचाई के साथ उग सकता है। यह जमीन में कार्बन को सोखने के लिए भी जाना जाता है और ऊर्जा वाला पौधा है जिसका उपयोग मीथेन के उत्पादन के लिए किया जा सकता है...। उन्होंने कहा, इसलिए हम ऐसे क्षेत्रों में कैक्टस के बागान लगाने की योजना बना रहे हैं।

# पीएम मोदी ने 9 वर्षों में कोई छुट्टी नहीं ली

**3,000 से अधिक कार्यक्रमों में लिया भाग, RTI खुलासा**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भी छुट्टी नहीं ली है। प्रफुल्ल पी सारदा द्वारा दायर एक आरटीआई में, दो प्रश्न पूछे गए थे- पहला, 2014 में भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद से प्रधान मंत्री मोदी कितने दिनों तक कार्यालय में रहे हैं और दूसरे प्रश्न में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद आज तक कितने दिनों तक कार्यालय में उपस्थित रहे और विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों में भाग लिया, इसके विवरण के बारे में पूछा गया। पुणे स्थित उद्यमी कार्यकर्ता प्रफ्फुल पी सारदा ने अपनी आरटीआई अपील में दो प्रश्न पूछे। पहला सवाल यह था कि 2014 में भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद से पीएम मोदी कितने दिनों से पद पर हैं, जिस पर पीएमओ ने जवाब दिया: प्रधानमंत्री हर समय ड्यूटी पर रहते हैं। पदभार संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई छुट्टी नहीं ली है। इसके बाद सारदा ने अनुरोध किया, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद से आज तक कितने दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों में उपस्थित रहे हैं और उनमें भाग लिया है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन का विरोध करते हुए केजरीवाल बोले- अगर 5 साल में हुआ चुनाव तो सिलेंडर 5000 रुपये में मिलेगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अपनी जयपुर यात्रा के दौरान आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के अभियान की शुरूआत की। अपने भाषण के दौरान, केजरीवाल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा की आलोचना की और सुझाव दिया कि जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिक बार होने चाहिए। उन्होंने कहा, हर तीसरे महीने चुनाव होना चाहिए। नहीं तो 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लागू हो गया तो वे (बीजेपी) पांच साल तक अपना चेहरा नहीं दिखाएंगे। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा, 'मुझे दुख है कि नौ साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद भी पीएम मोदी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर वोट मांग रहे हैं।'

केजरीवाल ने कहा कि अगर एक देश, एक हजार चुनाव होते हैं, तो हमें इससे क्या लेना-देना? इससे आपको क्या मिलेगा? नौ साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद भी अगर कोई 'एक देश, एक चुनाव' पर वोट मांगता है, तो इसका मतलब है कि उन्होंने कोई काम नहीं किया है। ये होना चाहिए 'वन नेशन, वन एजुकेशन'... 'वन नेशन, वन ट्रीटमेंट।' उन्होंने आगे कहा, हमारे देश में हर छह महीने में चुनाव होते हैं। पीएम मोदी इस बात से परेशान हैं कि उन्हें हर छह महीने में जनता के बीच जाना पड़ता है। अगर पांच साल में एक बार चुनाव हो तो फिर सिलेंडर 5000 रुपये में मिलेगा, माटर 1,500/KG मिलेगा और पांच साल बाद पीएम मोदी कहेंगे कि उन्होंने 200 रुपये कम कर दिए।'

केजरीवाल ने सुझाव दिया कि बार-बार चुनाव होने चाहिए, मेरी मांग है कि एक देश में 20 चुनाव होने चाहिए, हर तीसरे महीने चुनाव होने चाहिए... वे कम से कम अपना चेहरा दिखाने तो आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि आप राजस्थान में सत्ता में आती है तो उन्होंने कुछ प्रमुख वादे भी पेश किए, जिनमें पिछले सभी बिजली बिल माफ करना, 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और मुफ्त शिक्षा प्रदान करना शामिल है। केजरीवाल ने इस बात पर भी जोर दिया, आप एक ईमानदार, देशभक्त पार्टी है। हम राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विपरीत, केजरीवाल ने हरियाणा में दी गई अपनी टिप्पणी को दोहराते हुए सुझाव दिया कि 'एक राष्ट्र, एक शिक्षा' देश की प्रगति के लिए अधिक सार्थक फोकस हो सकता है।

# विक्रम लैंडर की चंद्रमा पर पुनः सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रयान-3 के पेलोड 22 सितंबर तक हुए निष्क्रिय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** चंद्र मिशन के विक्रम लैंडर के चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि अब चंद्रयान के पेलोड निष्क्रिय हो गये हैं। इसरो ने कहा कि सफल होप परीक्षण में विक्रम लैंडर को एक बार फिर चंद्रमा की सतह पर उतारा गया और इस परीक्षण से वैज्ञानिकों को भविष्य के चंद्र मिशनों में मदद मिलेगी जहां पृथ्वी पर नमूने भेजे जा सकते हैं और इससे भी महत्वपूर्ण कि उन मानव मिशनों में मदद मिल सकती है जिनकी योजना बनाई जा रही है। इसरो ने सोमवार को घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर भारतीय समयानुसार सुबह करीब आठ बजे सुप्तावस्था में चला गया।

इससे पहले चास्ते, रंभा-एलपी और इलसा पेलोड द्वारा नये स्थान पर यथावत प्रयोग किये गये। जो आंकड़े संग्रहित किये गये, उन्हें पृथ्वी पर भेजा गया। उसने कहा कि पेलोड को बंद कर दिया गया और लैंडर के रिसीवर को चालू रखा गया है। इसरो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि कमांड मिलने पर विक्रम (लैंडर) ने इंजनों को फायर किया, अनुमान के मुताबिक करीब 40 सेंटीमीटर तक खुद को ऊपर उठाया और आगे 30-40 सेंटीमीटर की दूरी पर सुरक्षित लैंड किया। इसरो ने कहा कि विक्रम लैंडर अपने मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में और आगे बढ़ गया। इसरो ने कहा कि अभियान की महत्वपूर्ण बात यह है कि इस प्रक्रिया से अब भविष्य में सैंपल वापसी और चंद्रमा पर मानव अभियान को लेकर आशाएं बढ़ गई हैं। इसरो ने पोस्ट में कहा, विक्रम ने एक बार फिर चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की। विक्रम लैंडर अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में और आगे बढ़ा। यह उम्मीद भरे एक प्रयोग से सफलतापूर्वक गुजरा। इसरो ने कहा था, सौर ऊर्जा खत्म हो जाने और बैटरी से भी ऊर्जा मिलना बंद हो जाने पर विक्रम, प्रज्ञान के पास ही निष्क्रिय अवस्था में चला जाएगा। उनके 22 सितंबर, 2023 के आसपास सक्रिय होने की उम्मीद है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने पहले कहा था कि चंद्र मिशन के रोवर और लैंडर चंद्रमा की रात में निष्क्रिय हो जाएंगे। भारत ने 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद इतिहास रच दिया था। भारत चंद्रमा की सतह पर पहुंचने वाला चौथा देश और इसके दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है।

# पुलिस द्वारा लाठीचार्ज सही नहीं

**हम मुद्दों को सुलझाने के लिए गंभीर**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के बाद जारी हलचल को शांत करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, और उनके डिप्टी देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस ने कहा कि उच्च स्तरीय जांच की जाएगी और आरोपियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, "मैं लाठीचार्ज का समर्थन नहीं कर सकता।" सीएम की अध्यक्षता में मराठा आरक्षण पर बैठक के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, ₹पुलिस द्वारा लाठीचार्ज सही नहीं था... मैं सरकार की ओर से माफी मांग रहा हूं। सीएम ने कहा है कि जो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि मराठा आरक्षण पर आज हमने उच्च स्तरीय बैठक की। मैं पहले ही प्रदर्शनकारियों से बात कर चुका हूं और हम इस मुद्दे को व्यवस्थित तरीके से सुलझाएंगे। हमारी सरकार मराठा आरक्षण से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए गंभीर है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्री गिरीश महाजन और अन्य मंत्री चर्चा के लिए (जालना) जाएंगे। हम इस मसले को बातचीत से ही सुलझा सकते हैं। राज्य सरकार उनकी (मराठा समुदाय) मांगों पर गंभीरता से काम कर रही है।

# सनातन धर्म विवाद पर अनुराग ठाकुर ने कहा, इंडिया के नेता माफी मांगें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सनातन धर्म के खिलाफ बयान देने के लिए सोमवार को द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की आलोचना की और विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं से सार्वजनिक माफी मांगने को कहा। इंडिया गठबंधन को घमंडिया करार देते हुए ठाकुर ने उस पर राजनीतिक फायदे के लिए ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया था कि सनातन धर्म समानता और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है और इसका उन्मूलन करने की जरूरत है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से करते हुए कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इनका विनाश कर देना चाहिए।

केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री ठाकुर ने हरबंसपुर गांव में मेरी माटी, मेरा देश अभियान को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से कहा, सनातम धर्म था और रहेगा। उन्होंने कहा, आप, जो हिंदुओं को समाप्त करने का सपना देख रहे हैं, अच्छी तरह याद रखें कि इस तरह का अशुभ सपना देखने वाले लोग खाक में मिल गये। घमंडिया गठबंधन के मित्र रहें या नहीं रहें, लेकिन सनातन था, है और यहीं रहेगा। ठाकुर ने कहा, इंडिया गठबंधन के नेताओं को देश और हिंदू समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों में हिंदुओं को उग्रवादी कहकर या मौखिक अपशब्द कहकर या विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार और अन्य स्थानों पर शारीरिक हमले करके हिंदुओं की छवि खराब करने और उन्हें बदनाम करने की होड़ मची है।

उन्होंने कहा, उनकी मंशा और मानसिकता वोटों के लिए लोगों के ध्रुवीकरण की है लेकिन लोग उन्हें उखाड़ फेकेंगे क्योंकि वे उनकी सोच जान गये हैं। इससे पहले, यहां एक सभा को संबोधित करते हुए, ठाकुर ने करतारपुर साहिब गलियारे के उद्घाटन, चार साहिबजादों की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस की घोषणा, 1984 के सिख विरोधी दंगों पर एक विशेष जांच दल की स्थापना के बारे में बात की।

# कांग्रेस का राहुल यान 20 साल से लांच ही नहीं हो रहा है : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




**नई दिल्ली,** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का राहुल यान 20 साल से लांच ही नहीं हो पाया है। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का नीमच से हरी झंडी दिखाने आए सिंह ने कहा, कांग्रेसी समझ गए हैं कि अकेले भाजपा को हरा नहीं सकते, इसलिए उन्होंने कई पार्टियों को मिलकर एक कुनबा (विपक्षी गठबंधन) बना लिया है और उसका नाम रख दिया इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस)। उन्होंने कहा, आज भारत चांद पर पहुँच गया है, मंगल ग्रह की यात्रा कर रहा है, हम सूर्य के नजदीक पहुँच रहे हैं। आज सारे विश्व में इसकी सराहना हो रही है। हम चांद और सूर्य तक पहुँच रहे हैं लेकिन कांग्रेस का राहुल यान 20 साल से आज तक लांच ही नहीं हो रहा है। सिंह ने कहा, ये लोग सनातन को समाप्त करने की बात कर रहे हैं।

हमारे यहां सर्प को भी दूध पिलाकर उसके दीर्घजीवी होने की कामना करते हैं। सनातन धर्म में जात, पंथ एवं धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है, लेकिन कांग्रेस के एक घटक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) के नेता ने सनातन धर्म के खिलाफ जो टिप्पणी की है क्या कांग्रेस को ऐसे घटक से अलग नहीं हो जाना चाहिए? उन्होंने देश की जनता से कहा, सनातन धर्म का विरोध करने वालों को वोट के माध्यम से मुँह तोड़ जवाब देना चाहिए। विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने पर सिंह ने कहा, हम लोगों ने भी एक बार शाइनिंग इंडिया का नारा दिया था.. हम लोग (लोकसभा चुनाव) हार गये थे और आपने (विपक्षी दल) यदि इंडिया का गठन कर लिया है, तो आपकी हार तय है। हाल ही में बना विपक्षी गठबंधन इंडिया 28 दलों का समूह है। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के बाद कांग्रेस को इस पार्टी से नाता तोड़ लेना चाहिए या उसकी टिप्पणी के लिए लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के पुत्र व राज्य के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक टिप्पणी में आरोप लगाया कि सनातन धर्म समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू बुखार से की और कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इन्हें नष्ट किया जाना चाहिए। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर विपक्षी गठबंधन इंडिया पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस ने एक कुनबा जोड़ा है, जिनके नेता सनातन धर्म को खत्म करने की बात कहकर हिंदू धर्म का अपमान कर रहे हैं। क्या इस तरह के गठबंधन देश का भला कर सकते हैं। सोनिया गांधी जी क्या सनातन को खत्म करने के लिए ही आपने गठबंधन बनाया है? चौहान ने आगे कहा, सनातन को कोई खत्म नहीं कर सकता, लेकिन सनातन को समाप्त करने वाले जरूर समाप्त हो जाएंगे।

# खाद और पोषण को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण पहलू : तेग बहादुर सिंह

**गरीबों का भोजन बन रहा है अमीरों की थालियों की शान: सुरेश राजपूत**

अमन लेखनी समाचार



किसानों को फसलों की जानकारी देते – जिला कृषि अधिकारी



मोटे अनाज वाली फसल का निरीक्षण करते – कृषि अधिकारी

**लखनऊ।** भारत में कुछ दशक पहले निम्न आय और निर्धन लोगों के खाने में उपयोग में लाये जाने वाले मोटे अनाज अब अमीरों की थाली की शान बन गये हैं। भारत सहित विश्व के अनेक देशों में मोटे अनाजों को लेकर काफी उत्सुकता बढ़ गई है। और इनका भोजन में उपयोग करने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिये अत्यधिक लाभकारी है। बाजरा को वर्ष 2023 के लिये ह्यमोटे अनाज का अंतरराष्ट्रीय वर्षह्न घोषित किया है। इससे मोटे अनाजों का महत्व और बढ़ गया है। मोटे अनाजों में बाजरा के साथ ज्वार, जौ, रागी, कोदो, कुटकी आदि के निशुल्क बी मिनी किट का वितरण किया गया था। वितरण बीज मिनी किट के प्रक्षेत्र पर एक दिवसी फील्ड डे का आयोजन सोमवार को मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम पंचायत दौलतपुर मजरा भटपुरवा में अचीवर किसान कुंवर लाजवेन्द्र सिंह के खेत पर आयोजित किया गया। जिसमें आसपास के गांव से सैकड़ो की संख्या में कृषकों ने प्रतिभाग किया।

जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह द्वारा किसानों को श्री अन्य की उपयोगिता व उसकी खेती करने के लिए बीज उपलब्ध कराने की बात कही गई ग्लूटन फ्री होने के साथ-साथ प्रोटीन व फाइबर युक्त व विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ डायबिटीज, कैंसर हाई ब्लडप्रेशर के अलावा कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है। इसके उपरांत सुरेश कुमार राजपूत द्वारा कृषकों को श्री अन्न की उन्नत खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।साथ ही उन्होंने कहा की गरीबों का भोजन बन रहा है अमीरों की थालियों की शान इसी क्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा किसानों को श्री अन्न की खेती तेजी से जलवायु परिवर्तन में आसानी से प्रभावित नहीं होती है तथा कम लागत, पोषक तत्वों से भरपूर, कम उर्वरक, ऊसर भूमि में भी अच्छी उपज अगर सरल शब्दों में कहे तो श्री अन्न किसानों के मित्र होते हैं जो कम लागत और कम परिश्रम में भी अच्छा उत्पादन देते हैं। इसी क्रम में खंड तकनीकी प्रबंधक माधवेंद्र सिंह चौहान द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती व कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी इसके उपरांत सभी कृषकों को सावां की बोई गई फसल के प्रक्षेत्र पर किसानों को ले जाकर फसल को दिखाया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा किसानों को आने वाले समय में श्री अन्न की उपयोगिता एवं श्री अन्न की मिनी किट की संख्या बढ़ाने की बात कही। किसानों की हितैषी सरकार, कृषि विभाग तथा इस कार्यक्रम के आयोजक उप कृषि निदेशक लखनऊ द्वारा इस भव्य कार्यक्रम कराए जाने के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की तथा इस फील्ड डे के आयोजन पर वहां पर उपस्थित किसानों को श्री अन्न उन्नत खेती पुस्तिका भी वितरित की गई ।

इस मौके पर कृषि विभाग से वरिष्ठ प्रविधिक सहायक राम औतार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक विमल कुमार सिंह, पंकज पटेल, राहुल गुप्ता, जनार्दन प्रसाद, विनोद कुमार यादव, विमल कुमार, चक्रेश कुमार सहित ग्राम प्रधान पवन शर्मा मौजूद रहे।

# निमार्णाधीन मकान से जनरेटर चोरी करते चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**, बिजनौर थाना क्षेत्र के रॉयल सिटी में एक निमार्णाधीन मकान से दो शातिर चोर जेनरेटर चोरी कर लेकर जाने लगे इसी दौरान भवन स्वामी ने शोर मचा लोगो की मदद से जनरेटर सहित एक चोर को पकड़ लिया जबकि उसके साथी भागने में सफल रहो पकड़े चोर को लोगो ने पुलिस को सूचना कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया भवन स्वामी की शिकायत पर शातिर के खिलाफ चोरी की धाराओं में कार्यवाई कर जेल भेज उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही हैं बिजनौर थाना प्रभारी अरविन्द कुमार राणा ने बताया कि कैंट क्षेत्र में रहने वाले अमित कुमार सिहं पुत्र स्व0 अरविन्द कुमार सिंह रॉयल सिटी फेस-2 थाना बिजनौर में अपना मकान बनवा रहे है जिसके लिए बिल्डींग मटेरियल का समान और जनरेटर रखा हुआ है। सोमवार रात्रि समय भवन स्वामी को लोगो द्वारा सूचना मिला कि आपका जनरेटर 2 व्यक्ति चोरी करके ले जा रहे हैं। जानकारी होने पर जब वह पहुंचे तो उसमे से एक व्यक्ति भाग गया निकला जबकि दूसरे शातिर को लोगो की मदद से जनरेटर के साथ पकड़ लिया गया जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गईं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शातिर को अपने कब्जे में लेकर पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं पुलिस की पूछताछ में शातिर ने अपना परिचय शिवशंकर पुत्र चन्द्रिका निवासी कुंजपुर कुशम्भी थाना अजगैन जिला उन्नाव एवं अपने फरार साथी का परिचय छोटू पुत्र शमशेर निवासी घसियारी मोहल्ला थाना बिजनौर लखनऊ के रूप में दिया हैं शातिर को जेल भेज उसके फरार साथी की तलाश की जा रही हैं

# एटीएस ने 6 जालसाजों को किया गिरफ्तार

**लखनऊ,** यूपी में विदेशी कॉल कराने वाले सेंटर एक्टिव हैं। यह अवैध रूप से चलने वाले टेलीफोन एक्सचेंज आईएसडी कॉल को लोकल में कन्वर्ट कर रहे हैं। इस अवैध धंधे से जुड़े 6 लोगों को एटीएस ने रविवार रात को आजमगढ़ के तीन थाना क्षेत्रों से उठाया है, जिनसे टीम पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, एटीएस टीम ने आजमगढ़ के फूलपुर सीओ की टीम के साथ चार थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 6 लोगों को उठाया है। साथ ही इनके पास से अवैध टेलीफोन एक्सचेंज चलाने के उपकरण भी बरामद हुए है। जिसमें सिम बॉक्स, दर्जनों सिम और आईडी कार्ड बरामद हुए है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह लोग सिम बाक्स के माध्यम से खाड़ी देश से आने वाले फोन लाइन को लोकन कॉल में कन्वर्ट कर लोगों को सस्ते में बात कराते थे। जांच टीम इस ग्रुप से जुड़े अन्य लोगों के विषय में जानकारी जुटा रही है। एटीस के मुताबिक ने सूचना के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय गेटवे को बाईपास करते हुए इंटरनेट कॉल (श्ङ्कढ) को लोकल वॉइस कॉल में परिवर्तित कर कॉलिंग कराने वालों आजमगढ़ और मीरजापुर से पकड़ा गया है।

# भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत ने रोड शो निकालकर दिखाई ताकत, मांगे वोट

**जिला पंचायत के वार्ड–18 से सदस्य पद की भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत ने समर्थको के संग रोड–शो निकालकर दिखाई ताकत, विधायक व ब्लाक प्रमुख ने मांगे वोट**

अमन लेखनी समाचार



**मोहनलालगंज।** लखनऊ जिला पंचायत के वार्ड न०-18 के सदस्य पद पर उपचुनाव के प्रचार का सोमवार को अंतिम दिन होने के कारण भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत ने समर्थकों की भीड़ व कारो के काफिले के साथ रोड शो निकालकर अपनी ताकत का अहसास कराया ।रोड शो की कमान भाजपा विधायक अमरेश कुमार रावत व ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला समेत केन्द्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी ने संभाली ।भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत का रोड शो मोहनलालगंज के धर्मावतखेड़ा से शुरू होकर दहियर, परेहटा, खुजौली, खुजेहटा, रायभानखेड़ा, दाऊदनगर, डलौना, हुलासखेड़ा, भसंडा, भौदरी, उत्तरगांव, भदेसुवा, कोडरायपुर, धनुवासाड़, मीनापुर होकर देर शाम सिसेंडी में समाप्त हुआ ।इस दौरान भाजपा विधायक ने केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाकर भाजपा प्रत्याशी के लिये वोट मांगे ।रोड शो को परेहटा गांव में रोककर भाजपा प्रत्याशी संगीता रावत का जिला कार्यसमिति सदस्य मुरारी सिहं राठौर व योगेन्द्र सिहं ने ग्रामीणो के साथ फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ।वही अन्य गांवो में भी रोड शो को रोककर कार्यकर्ताओ व ग्रामीणो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।रोड शो में जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिहं उर्फ बब्लू, प्रधान अभय दीक्षित, प्रधान ललित शुक्ला, पूर्व बार एसोसिएशन महामंत्री देवेश सिहं, मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिहं, प्रधान लक्ष्मण प्रसाद, प्रधान प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ,समेत सैकड़ो की संख्या में समर्थक व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### सपा व निर्दलीय प्रत्याशी ने घर–घर जाकर मांगे वोट...

डीडीसी पद के चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन सपा प्रत्याशी रेशमा रावत ने सपा व कांग्रेस के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ संग गांव-गांव घूमकर अपने लिये वोट मांगे ।निर्दलीय प्रत्याशी रेनू रावत ने सपा नेता अमरेन्द्र यादव उर्फ बाबा व अपने समर्थको व कार्यकर्ताओ के साथ घर-घर जाकर वोट मांगे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यशोदा माँ के रूप में बच्चों का पालन पोषण करें: बेबी रानी मौर्य

**महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने मोबाइल आंगनबाड़ी केन्द्र को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना**

**कुपोषण पर वार, लखनऊ है तैयार**

अमन लेखनी समाचार




**लखनऊ,** छठवें राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन के क्रम में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान एवं हिमालयन इन्स्टीट्यूट के सहयोग से हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट बाबूजी मेमोरियल आश्रम में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ` कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मोबाइल आंगनबाड़ी केन्द्र को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया` इस अवसर पर बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक दिव्य जननी है, वह यशोदा माँ के रूप में बच्चों का पालन पोषण करें, जिससे वह बड़े होकर कुपोषण रूपी राक्षस का संहार कर सके। महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने पोषण माह के दौरान स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये` इसके साथ ही मेरे देश कार्यक्रम के माध्यम से जनमानस को संस्कार देने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री का दो मिनट का उद्बोधन प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रसारित करने के निर्देश भी दिये` इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने नारी की महिमा का मंडन किया` राज्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा आत्मनिर्भर भारत की नींव है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जनपद लखनऊ में नवाचार के रूप में प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश के अन्तर्गत न्यूट्रीशन मॉनीटर नियुक्त किये गये हैं, कुपोषण को मिटाने के लिए कुपोषण पर वार, लखनऊ है तैयार का नारा दिया गया है इस अवसर पर लखनऊ की समस्त बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रमाणपत्र के साथ-साथ एप्रेन भी दिये गये तथा जनपद लखनऊ के पोषण ट्रैकर पर शत प्रतिशत फीडिंग करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा लिखित विभागीय दिग्दर्शिका पुस्तक का विमोचन मंत्रीगणों द्वारा किया गया ।अतिथियों ने श्री अन्न से बने व्यंजनों के स्टाल का अवलोकन किया` इस अवसर पर हिमालयन इन्स्टीट्यूट की निदेशक समता बाखला, निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के उपनिदेशक, जफर अहमद खान, हार्टफुलनेस इन्टीट्यूट बाबूजी मेमोरियल आश्रम से शालिनी मेहरोत्रा, जिला परियोजनाओं के बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं

# सरोजनीनगर फुटबॉल लीग का भव्य आगाज, आयोजित हुई ड्रा पिक्रर मीट

**डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया सरोजनीनगर फुटबॉल लीग का भव्य आगाज, आयोजित हुई 'ड्रा एवं फिक्सचर मीट**

**अंडर–19 बास्केटबॉल चैंपियनशिप और क्रिकेट चैंपियनशिप के बाद अब सरोजनीनगर में होगी फुटबॉल लीग**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर की खेल प्रतिभाओं को अवसर, सम्मान और प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए अनवरत आयोजित सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत 6 सितम्बर से आयोजित होने वाली फुटबॉल लीग के मुकाबलों के लिए ड्रा एवं फिक्सचर मीट का आयोजन आज डॉ. राजेश्वर सिंह के आशियाना आवास पर किया गया जिसमें सभी टीमों के कैप्टनों की उपस्थिति में लीग मैचों का शेड्यूल निर्धारित किया गया।

बता दें कि फुटबॉल लीग के लिए 2 फॉर्मेट में इंटर स्कूल और इंटर क्लब मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है, इंटर स्कूल मुकाबलों में 18 टीमों में और इंटर क्लब मुकाबलों में 35 टीमों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। दिनांक 6 सितंबर को टूनार्मेंट के शुरूआती मेच में पहला मैच इंटर स्कूल फॉर्मेट में सैनिक स्कूल और अवध कॉलेजिएट के बीच और इंटर क्लब फॉर्मेट में पहला मैच गोमती टाइगर और पॉवर बूस्टर के बीच खेला जायेगा। इस से पहले सरोजनी नगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत अंडर-19 बास्केटबॉल चैम्पियनशिप और क्रिकेट चैम्पियनशिप का सफल आयोजन किया जा चुका है। क्रिकेट चैम्पियनशिप में क्षेत्र की 200 टीमों के 3500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, 48 दिनों तक चली यह क्रिकेट लीग लखनऊ की सबसे बड़ी चैम्पियनशिप थी।

### पीसीएस – जे परीक्षा में 46वीं रैंक लाने वाली आकांक्षा पाठक का सम्मान

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पहले अटेम्पट में ही पीसीएसझ्रजे परीक्षा 2022 में 46वीं रैंक लाने वाली आशियाना निवासी आकांक्षा पाठक को सम्मानित किया। उन्होंने इस उपलब्धि को सरोजनीनगर के लिए गौरव और अन्य प्रतिभागियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

# समाज के आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाई आयुष्मान : बघेल

## निजी व सरकारी सेवा प्रदाताओं से चुनौतियों, अनुभवों और प्रेरणाओं पर हुई चर्चा

**आयुष्मान संवाद, ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था से जुड़ेंगे 1242 अस्पताल, एनएचए ने दी मंजूरी**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) देश में चल रही योजनाओं में सबसे ऊपर है क्योंकि जान है तो जहान है। यही वह योजना है जिससे सामाजिक भीड़ में खड़े आखिरी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आई है। यह कहना है केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री सत्य पाल सिंह बघेल का। मंत्री बघेल सोमवार को शहर स्थित एक निजी होटल में पीएमजेएवाई : संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री सत्य पाल सिंह बघेल ने कहा कि यह आयोजन बंद कमरा और खुली बात पर आधारित है। इसलिए आप लोग निर्भय होकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यूपी लक्ष्य प्राप्त करता है तो देश स्तर पर दिखता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस ग्रीन चैनल के जरिए ज्यादा से ज्यादा अस्पताल जुड़ेंगे। केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनरेगा के मजदूरों और सवर्ण वर्ग के ईडबल्यूएस श्रेणी वालों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जा सकता है। हालांकि इसके लिए राज्य की सहमति होनी जरूरी होगी।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृजेश पाठक ने कहा कि हम भारत सरकार को आश्वस्त करते हैं कि उत्तर प्रदेश सभी लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम है। इसी विश्वास के साथ हम कई योजनाओं को धरातल पर उतारने में अन्य से आगे हैं। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के लंबित कार्ड 30 सितंबर तक बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर विशेष अभियान चलाएं।

राज्य स्वास्थ्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष नए पात्र गृहस्थ परिवारों को शामिल करने की शर्तें समाप्त करने की मांग रखी। साथ ही बताया कि यूपी में अन्य राज्यों के साथ नेपाल जैसे देशों से भी मरीज स्वास्थ लाभ ले रहे हैं इसलिए कार्य का भार भी अधिक है। राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने निजी अस्पतालों से अपील की है कि किसी भी एक बीमारी का इलाज अलग-अलग खर्च जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए।

साचिस की सीईओ संगीता सिंह ने कहा कि ग्रीन चैनल पेमेंट व्यवस्था में 56 अस्पताल लाभ ले रहे हैं। अब तक इसके तहत 18 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं। इस ग्रीन चैनल व्यवस्था से 1242 और अस्पतालों को जोड़ने की एनएचए ने दे दी है। ग्रीन चैनल पेमेंट के तहत बेहतर रिकॉर्ड और शून्य शिकायत वाले अस्पतालों को शामिल किया जाता है। इसके तहत क्लेम करते ही इलाज का आधा धन आवंटित कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पीएमजेएवाई की वेबसाइट पर एक चैट बोट शुरू किया गया है जो अस्पतालों के सवालों के जवाब स्वतः देता है। साथ ही इस वेबसाइट पर ईमेल एड्रेस दिया गया है जिस पर कोई भी निजी व सरकारों अस्पताल अपनी बात रख सकता है।

संवाद कार्यक्रम के दौरान अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने कई सवाल भी उठाए। इसमें अन्य राज्यों से आने वाले मरीजों को आसानी से इलाज देने, कैंसर, प्रसव, बच्चों के दिल के इलाज के मामलों में पैकेज पुनः अवकोलन करने का मांग की। साथ ही मरीजों के आवागमन और आशा से काउंसिल करने की शुरूआत करने के लिए चर्चा हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की केन्द्रीय निदेशक लता गनपति ने बताया कि इस आयोजन में उठे सभी बिन्दुओं की सूची बना ली है। जल्द ही इस पर विचार कर इन समस्यों का निदान किया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक स्वास्थ्य और महानिदेशक परिवार कल्याण समेत प्रदेश के निजी व सरकारी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एक्सेस हेल्थ की राज्य निदेशक मनीषा त्रिपाठी ने किया। आयोजन के आखिर में रंजन कुमार, सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सिचाई विभाग में नौकरी के नाम ठगी करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**, आशियाना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सोमवार को थाना क्षेत्र जाली दस्तावेजों के आधार पर नौकरी दिलाने वाले एक जालसाज ठग जो कि दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा जिसे गिरफ्तार कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया है आशियाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र बंगला बाजार भदरुख निवासी विशाल कुमार रावत पुत्र स्व0 विजय रावत की शिकायत पर वर्ष 2022 अपने मौसरे भाई दुगार्पुरी मकान संख्या 137 शहीद पथ के निकट थाना बिजनौर निवासी प्रकाश चौधरी उर्फ गोल्डी पुत्र स्व0 ओम प्रकाश जो कि जनपद प्रयागराज में आबकारी विभाग में कार्यरत है एवं दो साथियो व एक अज्ञात के खिलाफ सिचाई विभाग में पम्प ऑपरेटर पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर जाली नियुक्ति पत्र दे आठ लाख रुपए ठगने का आरोप लगा शिकायत किया था जिसपर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित किया गया था जिसमे आरोपी फरार चल रहे थे उक्त प्रकरण में सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी रिस्तेदार को बंगला बाजार पुल से पकरी पुल जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है आरोपी के फरार अन्य साथियो की गिरफ्तार पुलिस टीम लगाईं गई है

# तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज पुलिस ने सोमवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया ।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया न्यायालय से अलग-अलग मुकदमो में एलबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहे अभियुक्त नन्हई निवासी छिबऊखेड़ा व विद्यावती व उसके बेटे शमशेर निवासी जबरौली थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गय, जहां से तीनो अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया।

# सिल्ट सफाई न होने के कारण जौखंडी - शहजादेपुर अल्पिका सूखी

## फूल लेने के समय सूख रही धान की फसल, एक दर्जन से अधिक गांवों के किसान प्रभावित

अमन लेखनी समाचार



**गोसाईगंज।** तहसील मोहनलालगंज के अंतर्गत शारदा नहर हरदोईया रेगुलेटर से निकलने वाली जौखंडी, शहजादे पुर नहर अल्पिका में सिल्ट सफाई कार्य नही होने के कारण नहर में पानी नहीं आ पा रहा है। किसानों को मजबूरन वैकल्पिक साधन पंपिंग सेट से धान की फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे कि किसान परेशान है, धान की लागत बढ़ती जा रही है, बताते चले की जौखंडी, शहजादेपुर अल्पिका में सिल्ट सफाई कार्य न होने के कारण नहर पूरी तरह से पट चुकी है, जिससे कि किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, सावन के बाद बरसात औसतन कम हुई है, धान के फूल लेने का समय है, जिन किसानों के पास सिंचाई के वैकल्पिक साधन मौजूद हैं, वह किसान गाहे-बगाहे धान की सिंचाई कर ही रहे हैं, लेकिन जिन किसानों के पास वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था नहीं है, वह मजबूरन किराए पर फसल की सिंचाई के लिए मजबूर हैं। जौखंडी, शहजादे पुर अल्फिका से मुकुंद खेड़ा, सिरौना , बजगिहा, जौखंडी शहजादे पुर, मखदूम नगर, खेमा खेड़ा, कमालापुर, मदारपुर, बघौली, ममई मऊ, हसनापुर आदि गांवों में नहर का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे कि किसानों में रोष व्याप्त है।

# शराब पीने को पैसे ना देने पर युवक का ईट से वार कर फोड़ा सिर

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्लीपूरब मजरा घाघ निवासी अमित ने बताया बीते रविवार को गांव के युवक सानू ने उससे शराब पीने के लिये पैसे मांगे तो मैने मना कर दिया, जिसके बाद नाराज सानू ने ईट से वार कर उसका सिर फोड़कर लहूलूहान कर दिया ।चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला ।इलाज के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग ।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## संक्षेप

### युवती के साथ युवक ने की छेड़खानी दर्ज हुआ मुकदमा

सफीपुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दूध लेने जा रही युवती के साथ गैर समुदाय का युवक छेड़खानी करने लगा युवती के विरोध करने पर आरोपी ने भद्दी भद्दी गाली देकर चाकू निकाल कर जान से मारने की धमकी देने लगा पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरी 18 वर्षीय पुत्री शाम को दूध लेने जा रही है तभी गांव का मैलुद्दीन पुत्र सलामत मिला और पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा जब पुत्री ने विरोध किया तो वो भद्दी भद्दी गालियां देने लगा और युवक ने चाकू निकाल कर जान से मारने की धमकी देने लगा किसी प्रकार पुत्री भाग कर घर आई और उसने आप बीती परिजनो को बताया प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज कर लिया गया आरोपी युवक की तलाश की जा रही है

### नगर पालिका की बोर्ड बैठक में सभासदों ने काटा हंगामा

शुक्लागंज, उन्नाव। सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित नगर पालिका गंगाघाट में सुबह ग्यारह बजे बोर्ड बैठक बुलाई गई थी। साढ़े बारह बजे पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा पालिका पहुंचे।जिस पर कुछ सभासदों ने कहा कि पूरा बोर्ड अध्यक्ष और ईओ का डेढ़ घंटे से इंतजार कर रहा है। इस पर सभासदों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिस पर अध्यक्ष पति संदीप पांडे और ईओ ने किसी तरह समझा बुझा कर उन्हें शांत कराया। जिसके बाद सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।वहीं कुछ दिन पहले विकास न होने के लिये हंगामा काटा था लेकिन बैठक के दिन विकास का मुद्दा भूल गये केवल निजी स्वार्थ देखने को मिली।किसी भी सभासद ने जनता के हित के बारे में कोई मुद्दा नहीं उठाया। इस दौरान सभासद अतुल अग्निहोत्री, शहजादे, चंद्रपाल निषाद, नंदकिशोर मिश्रा, नीलम सिंह, रीना यादव, राजा, विशाल त्रिपाठी, शहजादे, मीना कुमारी, उर्मिला गौतम, सूरज साहू, फुरकान खान, छेदीलाल निषाद, विकास राजपूत ने भी अपने वार्डों की समस्याएं रखी।

### गैस एजेंसी कर्मचारी के साथ मारपीट कर छीनी नगदी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र के एक निवासी व्यक्ति जो रसोई गैस वितरण कर्मचारी ने नगर के युवक पर मारपीट कर नकदी छीनने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है ।रजनीश खटिक पुत्र रमेश खटिक निवासी मोहल्ला गन्नू खेड़ा नगर पंचायत ऊगू ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि प्रार्थी भारत गैस कंपनी में सिलेंडर वितरक का कार्य करता है सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे जब वह वितरण करके पंजाब नेशनल बैंक चौराहे पर खड़ा था तभी कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी लाखन पुत्र संजय आ गया व गाली गलौज करके मार पीट करने लगा तभी रजनीश को बचाने उसकी बहन आयी तो लखन ने उनके साथ भी बदतमीजी कर के उनसे भी धक्का मुक्की की इसी बीच मौके का फायदा उठाकर उसने सिलेंडर वितरण की नगदी जो कि 46950 रुपये व गले मे पहने चांदी की जंजीर छीन ले गया। चौकी प्रभारी दीपक ने बताया कि तहरीर मिली है उक्त मामले मे मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## सुख हो या दुख कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन सभी पलो में प्रत्येक जरूरतमंद के साथ

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जनपद की सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया गया जिसमे सिकंदरपुर सरोसी स्थित गांव अतरी पहुंची टीम , जहां संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा जी , सदस्य दिलीप सिंह फौजी ,लक्ष्मी कांत चौरसिया आदि लोगों ने पूरे गांव में घूम कर सभी की समस्याओं को एक जगह रजिस्टर पर लिखा और सुना जिसमे अधिकांश पुरुषों ने बीमार होने की बात संस्था के अध्यक्ष के सामने रखी वही महिलाओ ने शौच करने की समस्या को रखा इन सारी समस्याओं को सुनकर चेतन मिश्रा ने अतिशीघ्र जिला अधिकारी से मिलकर सभी ग्रामीण वासियों की बात पहुंचा कर समस्या का समाधान करवाने की बात कही इस दौरान पूरी टीम ने संस्था के मुख्य सहयोगी जनों के माध्यम से मुहिम चलाकर चार हजार दो हजार ग्यारह सौ करके कुल 22500 की धनराशि एकत्रित की और अतरी गांव में एक एक घर के व्यक्ति को राहत किट भी उपलब्ध करवाई जिसमे कुल आठ समान रखे गए राशन में दाल चावल,नमक ,पौष्टिक आहार में लईया,चना ,बच्चों के लिए बिस्किट ब्रेड इत्यादि के साथ ही सभी ग्रामीणों के लिए डाक्टर की सलाह से दवाइयां भी किट में रखकर भिजवाई ,जहां लगभग एक सौ अस्सी परिवारों को यह राहत वितरण किट दी गई वही इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अथिति के तौर पर रसूलाबाद से नगर पालिका चेयरमैन नईमुद्दीन अंसारी , भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा श्री मति साधना दिक्षित ,श्री साईं सेवा संस्था के संस्थापक सुरेंद्र वर्मा ,आदि के साथ कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के लगभग चालीस सदस्यों सदस्यों और सेवको ने मिलकर लगभग पांच घंटे कड़ी मेहनत करके किट वितरण कार्यक्रम को कार्यक्रम को सफल बनाया इसी के साथ संस्था के अध्यक्ष ने सभी ग्रामीणों से पानी उतर जाने के बाद मेडिकल कैंप भी लगवाने का आश्वासन दिया वही गांव वालो का कहना है राशन तो अधिकांश लोग देते है , लेकिन जिस तरह से कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन की टीम ने तीन दिन लगातार हम सबसे मिलकर हमारी मूल समस्याओं को उजागर किया इसके लिए हम सभी ग्रामीण वासी संस्था और उसके अध्यक्ष और समस्त टीम का धन्यवाद करते हैं और उम्मीद भी करते हैं की इस मुसीबत की घड़ी में संस्था हमारे साथ खड़ी रहेगी वही संस्था की तरफ से भी पूर्ण आश्वाशन दिया गया और किसी भी समस्याओं के लिए ग्रामीणों को अपने कार्यालय आने के लिए कहा गया जहां से अतिशीघ्र मदद मुहैया करवाई जाएगी !!इसी के साथ राहत वितरण कार्यक्रम में कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष ,नगर उपाध्यक्ष ,सह महामंत्री , महिला मोर्चा टीम , वह सदस्य आदि लोग शामिल रहे

## राज्य मंत्री ने विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जनपद के विधानसभा क्षेत्र मोहान के अन्तर्गत रू0 7854.62 लाख की लागत से उत्तर रेलवे के लखनऊ-कानपुर रेल सेक्शन के ब्लॉक जैतीपुर-अजगैन पर स्थित सम्पार संख्या 23 पर दो लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण एवं लोक निर्माण विभाग की 21 अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण /शिलान्यास विकासखण्ड परिसर नवाबगंज में बटन दबाकर/भूमि पूजन कर मा0 मंत्री लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 जितिन प्रसाद द्वारा सांसद उन्नाव डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज की उपस्थिति में किया गया।विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास करने के उपरान्त विकासखण्ड परिसर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि दो लेन उपरिगामी ब्रिज से इस क्षेत्र की जनता को कई प्रकार के लाभ होंगे। आम जनमानस को ट्रैफिक जाम से राहत तथा आवागमन व वस्तुओं की ढुलाई सुगम होगी। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। इस ब्रिज से सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा तथा यात्रा समय व ईंधन की बचत होगी एवं प्रदूषण में कमी आएगी।उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां की जनता ने हमें सेवा करने का अवसर दिया है, इसके लिए हम यहां का विकास करने के लिए कृत संकल्पित हैं।आज देश व प्रदेश हर जगह परिवर्तन दिखाई देने के साथ-साथ महसूस भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज 18 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 04 परियोजनाओं को शिलान्यास किया गया है। शिलान्यास की गयी परियोजनाओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को कडे.निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराए जाएं। इसमें किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार, लेटलतीफी एवं लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर सांसद ने कहा कि यह नया भारत है, जिसमें सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार ने विकास करने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को भी बचाने का कार्य किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह विधायक मोहान बृजेश कुमार रावत विधायक भगवन्तनगर आशुतोष शुक्ला विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक पुरवा अनिल सिंह, सदस्य विधान परिसर अरूण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवधेश कटियार, मुख्य अभियन्ता पीडब्ल्यूडी जीएस वर्मा, एडीएम (वि0/रा0) श्री नरेन्द्र सिंह सहित लोक निर्माण विभाग एवं उ0प्र0 राज्य सेतु निगम के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी ने शराब दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी ,क्षेत्राधिकारी मायाराय व आबकारी प्रभारी प्रतिभा सिंह की संयुक्त टीम द्वारा तहसील बीघापुर के अन्तर्गत पाटन में शराब दुकानों में छापामारी की गई। देसी मदिरा व विदेशी मदिरा के साथ बियर दुकान में भी बोतलों के सील चेक कर स्टॉक रजिस्टर चेक किया गया। मदिरा विक्रेताओं को किसी भी प्रकार की मिलावट या रख रखाव सही न होने पर आगाह कर चेतावनी दी गयी। दुकान सही समय पर खोलने व बन्द करने के भी आदेश दिए गए। आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नर सेवा नारायण सेवा व तिरंगा यात्रा के संस्थापक ने किया प्रशासनिक अधिकारियो को सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव।अखण्ड भारत के संकल्प के उपलक्ष्य में गत दिनों 14 अगस्त को नर सेवा - नारायण सेवा वा हिन्दू जागरण मंच के द्वारा निकाली गयी विशाल तिरंगा यात्रा में सहयोग करने वाले प्रशासनिक अधिकारियो व स्कूलों सहित सामाजिक संगठनों को किया गया सम्मानित तिरंगा यात्रा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने मीडिया से बताया की कार्य्रक्रम को भव्यता व दिव्यता प्रदान करने में जिला प्रशासन सहित स्कूलों व सामाजिक सगठनो का विशेष योगदान रहा है जिसके लिए आज जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ,पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ,नगर मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी ,शहर कोतवाल अश्वनी मिश्रा व नगर के प्रमुख स्कूलों में राजकीय इंटर कालेज ,राजकीय बालिका इंटर कालेज ,संगम शिशु मंदिर इंटर कालेज ,कल्याणी पब्लिक स्कूल ,अटल बिहारी इण्टर कालेज ,कृष्णा बालविद्या मंदिर ,सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्यो व प्रबंधको सहित समाजसेवी अवधेश सिंह व सुरेंद्र वर्मा आदि लोगो को तिरंगा यात्रा को भव्यता व दिव्यता प्रदान करने में किये गए विशेष योगदान के लिए सभी से मिलकर अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व सम्मानित नगर वासियो का आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,सुरेश सिंह ,राघवेंद्र पांडेय ,मनीष ,परिमल ,शिवसेवक ,अभिषेक,मनीष अवस्थी ,अखिल मिश्रा ,विकास तिवारी ,विकास सिंह सेंगर मौजूद रहे

## अस्पताल चौकी के सिपाहियों पर उगाही का आरोप

### एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।सदर कोतवाली अंतर्गत अस्पताल चौकी में तैनात सिपाहियों का अलग ही रंग है। अस्पताल के बाहर आटो रिक्शा जाम लगाये चाहे जाम लड़ायें इनकी सेहत पर फर्क नहीं पड़ता बस एक्स्ट्रा इनकम की जुगाड़ में ही लगे रहते हैं।उगाही के लिए कब, किसको उठा कर बंद कर दे, कोई भरोसा नहीं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें उगाही के चलते युवक को उठा कर मारा-पीटा और दस हजार रुपए देने को कहा तभी पीड़ित ने परिजनों को जानकारी दी तो मौके पर परिजनों से भी गलत व्यवहार किया। परिजनों से बात करते हुए सिपाहियों ने कहां यहां क्या करने आया था तो पीड़ित बोला की चाय लेने आया था सीसीटीवी कैमरे देख लो।जिस पर गुस्साए सिपाही सोनू गोला, लोकेंद्र यादव, रामजी ने मारना शुरू कर दिया तभी परिजनों ने स्थानीय लोगों से भी बोला पर कोई मदद नहीं मिली तो परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को फोन मिला दिया तब कहीं जाकर पीड़ित को छोड़ा ।पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के कबीरपुर, खम्भौली निवासी मो0 शारूक ने बताया कि वह बड़े भाई के साथ प्राइवेट अस्पताल चलाता है। 03 सितम्बर की रात में जिला अस्पताल के बाहर चाय ले रहा था तभी अस्पताल चौकी में तैनात सिपाहियों ने पकड़ कर चौकी में बैठा लिया और 10 हजार रुपए की मांग करने लगे और न देने पर मारा-पीटा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जब पुलिस अधीक्षक को फोन पर जानकारी दी तब कहीं जाकर पीड़ित को छोड़ा गया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उक्त सिपाहियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने आई जीआरएस की बैठक में की समीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों से सम्बन्धित आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि शासन एवं जनपद स्तर से आईजीआरएस/ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/जिलाधिकारी जनता दर्शन में प्राप्त संदर्भों के संतुष्टिपरक निस्तारण पर मुख्यमंत्री द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए निस्तारण को लेकर जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण किया जाए, उनमें दो निष्पक्ष गवाहों के बयान, नाम, पता व मोबाइल नम्बर के साथ निस्तारण आख्या अपलोड की जाए। जिन प्रकरणों में आवेदक द्वारा असन्तोषजनक फीड बैक दिया गया हो, उन प्रकरणों में आवेदक से वार्ता कर एवं स्थलीय निरीक्षण कर उनके बयान सहित अन्तिम आख्या अपलोड की जाए। किसी भी दशा में पुरानी आख्या को अपलोड कर निस्तारण न किया जाए।उन्होने समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 10 बजे से 12 बजे तक जनता दर्शन के दौरान अपने-अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से बैठे तथा जन सामान्य की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनें और उनका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। आईजीआरएस की गम्भीरता को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारीगण स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का सन्तुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित कराएं। किसी भी दशा में आईजीआरएस पोर्टल पर सन्दर्भ डिफाल्टर न होने पाएं, इसके लिए आईजीआरएस पोर्टल को नियमित रूप से लॉगिन किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, एएसपी शशि शेखर सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, परियोजना निदेशक कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक हुई संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव।बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव ने सभी विधानसभा अध्यक्षों से बूथ संगठन की स्थित का जायजा लेते हुए कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत के तहत ही काम करना है वही तमाम ऐसे मतदाता है जिनका नाम ओटर लिस्ट में नहीं है सभी कार्यकर्ता, नेता उन मतदाताओं का नाम ओटर लिस्ट में दर्ज करवाये।यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार के जनविरोधी कार्यों को भी घर घर जाकर लोगो को बताने का काम करे ।पूर्व विधायक बदलू खाँ ने संबोधित करते हुए कहा की देश में महंगाई चरम सीमा पर है बेरोजगारों को रोजगार नहीं है सरकारी कर्मचारी व अधिकारीयो का जनता के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है सभी को एक जुट होकर लोक सभा चुनाव में मुँह तोड़ जवाब देना है ।पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी ने कहा कि इंडिया के गठन से एंडीए भयभीत है केंद्र के मौजूदा सरकार के मुखिया द्वारा किए गये लगभग सभी काम जनता को परेशानी में डालने वाले ही रहे है ।बैठक को आँचल वर्मा, मुन्ना अलवी, ओम प्रकाश रावत, मकसूद अली, अशोक सिंह, अंशू रावत, डा.राम पाल कुशवाहा, राम किशन लोधी, राम बहादुर यादव, हेमंत पाल, राजेश कुमार साधू,हरिकेश यादव, बिंदे स्वरूप यादव, बालेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह, सरीफ खान, रमेश यादव, नियाज हसन, आदि ने संबोधित किया।बैठक में आलोक निगम, रमन पटेल, एड. जगदीश यादव, शैलेंद्र सिंह, हरीश किदवई, उदय राज यादव, राहुल अग्निहोत्री, धर्मेंद्र यादव, छोटे लाल भारती, अक्तर भाई, राज कुमार लोधी, ब्रजपाल सिंह आदि पदाधिकारी गण रहे।

## नदी में मिली अज्ञात महिला के शव की हुई शिनाख्त



**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जाजनपुर लोन नदी में बने पुल के नीचे एक बक्सा बीते शनिवार को पड़ा मिला मवेशी चरा रहे चरवाहों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब बक्से को बाहर निकाला तो उसमें महिला की लाश मिली एस ओ बीघापुर अखिलेश तिवारी ने बताया कि लोन नदी के पानी में पड़े बक्से में मिली लावारिश महिला की लाश की पहचान रेखा चौरसिया 35 वर्ष पुत्री रामकिशोर चौरसिया ग्राम पाटन के रूप में हुई जिसका विवाह अभी नहीं हुआ था ग्रामीणों ने बताया कि मृतका रक्षाबंधन पर राखी बांधने के लिए उन्नाव गई थी जब से वह घर वापस नहीं आई है थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही महिला के हत्यारे पुलिस हिरासत में होगे।

## जंगली हिंसक जीवों से बचाव तथा मुआवजा के बारे में दी जानकारी

### मुर्तिहा रेंजर रत्नेश कुमार ने ग्रामीणों के साथ लगाई चौपाल

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। मुर्तिहा रेंजर द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है जिसमें जंगली हिंसक जीवों से बचाव तथा सरकार द्वारा हिंसक जानवरों द्वारा घटित घटनाओं पर दिए जाने वाले मुआवजा के बारे में ग्रामीणों को चौपाल के माध्यम से जानकारी दी तथा जंगल की सुरक्षा व्यवस्था में ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। कतर्निघाट के प्रोग्राम इंचार्ज शाश्वत राज ने बताया एफड़ी के आदेशानुसार तथा डीएफओ आकाशदीप बधावन के मार्गदर्शन मे जंगली हिंसक जीवों से बचाव तथा मुआवाजा संबधित और मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए रेंज मुर्तिहा के ग्राम लाल बोझा मे चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमे रेंजर रत्नेश कुमार ने मुआवजा सम्बंधित नियमों के बारे ग्रामीणों को जागरूक करते हुए समस्याओ का निस्तारण किया। राधेश्याम ने ई डी सी के बारे मे लोगो को जागरूक किया। ज्ञात हो कि डीएफओ लगातार जंगल से सटे गाँव वालो से अपील कर रहे हैं कि जंगल के समीप रहने वाले सभी लोग सतर्क रहे जंगली जानवरो को दिखने पर तुरंत सूचना वन विभाग को दे। इस मौके पर वन विभाग के साथ ही काफी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित है।

## पंचायत उपचुनाव में दो पूर्व प्रधानों के वर्चस्व की लड़ाई

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। पंचायत उपचुनाव को लेकर दो पूर्व प्रधान अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने हेतु पूरी ताकत झोंक रहे हैं मतदान 6 सितम्बर को मतगणना 08 सितम्बर को पंचायत उपचुनाव मतदान के 48 घंटे पहले सोमवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया है। सोमवार को सभी प्रत्याशी मतदाताओं के घर-घर जाकर वोट मांग सकेंगे।

प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने मतदाताओं को साधने का प्रयास किया। अब मतदाताओं के फैसले की बारी है । प्रचार थमने के बाद घर घर जाकर वोटरों को रिझाने के अंतिम दाव आजमा रहे हैं तहसील बीघापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरा विकासखंड सुमेरपुर में पंचायत उपचुनाव होने हैं जहां ग्राम पंचायत गौरा के कई छोटे छोटे मजरे दरियापुर 'कैलाश खेड़ा'नया खेड़ा ' दर्शन खेड़ा हैं कुल महिला व पुरुष वोटर मिलाकर 3948 हैं कई प्रत्यासियों ने पर्चा दाखिल किया है जिनमें मुख्य मुकाबला गीता देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार व नम्रता सिंह पत्नी आशीष प्रताप सिंह के बीच है पूर्व प्रधान भोला लोधी के भाई की बहू गीता देवी है वही नम्रता सिंह मृतक पूर्व प्रधान बीना सिंह पत्नी बैजनाथ सिंह की बहू है दोनों प्रत्यासियों बीच में कांटे का मुकाबला है वही गांव की गरीब व निम्न वर्ग का वोटर किसी का प्रचार नहीं कर रहा है यही वोटर निर्णायक वोटर होगा मतदान 06सितम्बर दिन बुधवार को गणना 8 सितम्बर दिन शुक्रवार को होगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न




**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई नवाबगंज की मासिक बैठक बीआरसी परिसर मे स्तिथि उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज मे ब्लॉक अध्यक्ष विपिन सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे शिक्षको से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी सदस्यता रसीद पर विशेष जोर दे।साथ ही शिक्षको की दर्जनों समस्याएं उजागर हुई है, उनका समाधान कराने के लिए अतिशीघ्र बीईओ नवाबगंज व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच के स्तर से समाधान कराया जायेगा और जरुरत पड़ी तो आंदोलन भी छेड़ा जायेगा। बैठक मे लगातार अनुपस्थित चल रहे पदाधिकारियों को नोटिस भेजा गया।बैठक मे मुख्य रूप से अरविन्द वर्मा, सुमित शुक्ला, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, संगठन मंत्री सजल मिश्र, दिनेश पटेल, विनोद गिरि, अमित प्रकाश, नवनीत प्रेमी तथा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

चिंतन

## जीडीपी में ग्रोथ सही पर महंगाई नियंत्रण चुनौती

सियासी और कॉरपोरेट हलचल के बीच आर्थिक मोर्चे पर सुकून वाली खबर है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून के दौरान देश की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही, जो पिछली 4 तिमाहियों यानी एक साल में सबसे तेज ग्रोथ रेट है। इससे पहले जनवरी-मार्च-2023 तिमाही में जीडीपी दर 6.1 फीसदी रही थी, जबकि पिछले साल 2022 की अप्रैल-जून तिमाही में लो बेस के चलते जीडीपी ग्रोथ रेट 13.1 फीसदी दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, सेवा और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के कारण अप्रैल-जून तिमाही इकोनॉमी एक साल में सबसे तेज गति से बढ़ी है। । ब्लूमबर्ग के 44 अर्थशास्त्री के सर्वे के अनुसार, पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8% रहने का ही अनुमान था। ये आंकड़े आकर्षक हैं और अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए पुष्टिकारक हैं, लेकिन पहली तिमाही में कृषि सेक्टर का ग्रोथ 5.5% से घटकर 3.5% पर आ गया है। इलेक्ट्रिसिटी और पब्लिक यूटिलिटी सेक्टर का ग्रोथ 6.9% से घटकर 2.9% रह गया तो कंस्ट्रक्शन सेक्टर का ग्रोथ 10.4% से घटकर 7.9% रह गया। यह चिंता की बात है। अर्थशास्त्री लगातार कहते रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की जीडीपी को डबल डिजिट में लाने के लिए कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन लगातार पांच-छह फीसदी से ऊपर रहना जरूरी है। देश में इस साल पिछले आठ वर्षों की सबसे कम मानसूनी बारिश हुई है। इससे रबी की फसलों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। वर्षा कम होने से खरीफ फसल की बुआई भी प्रभावित हुई है। कम बारिश की वजह से चीनी, दालें, तेल, चावल और सब्जियां महंगी हो सकती हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था कुछ वर्षों से लगातार उच्च मुद्रास्फीति दर का सामना कर रही है। जुलाई में महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 फीसदी पर जा पहुंची व ओवर-ऑल खाद्य महंगाई दर 11.51 प्रतिशत रही। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बार बार कहा है कि महंगाई को नियंत्रण में करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। रिजर्व बैंक भी लगातार मौद्रिक उपाय कर रहा है। इसके बावजूद महंगाई नियंत्रित नहीं हो पा रही है। आखिर प्राथमिकता के बाद भी महंगाई नियंत्रित क्यों नहीं हो रही? महंगाई के पीछे असल वजह आपूर्ति चेन में कार्टेल व मुनाफाखोरी के साथ-साथ पेट्रो उत्पादों का महंगा होना है। सवा साल में कच्चे तेल की कीमतों में 33 फीसदी की गिरावट आई है, इसके बावजूद सरकार ने पेट्रोल व डीजल की कीमतों में कटौती नहीं की, जबकि पेट्रो उत्पादों में पांच से सात रुपये प्रति लीटर कटौती की गुंजाइश है। पेट्रोलियम रेट में कटौती से महंगाई नियंत्रण में काफी मदद मिल सकती है। आपूर्ति चेन में कार्टेल व मुनाफाखोरी पर भी एक्शन की जरूरत है। सरकार के स्तर पर यह साबित हो चुका है कि रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपाय महंगाई नियंत्रण में कारगर नहीं है और हाल में रिजर्व बैंक भी यह मान चुका है, इसके बावजूद रेपो रेट उच्च रखने का फैसला बाजार की लिक्विडिटी को प्रभावित कर रहा है। अनुमान है कि सख्त मौद्रिक नीति, गिरते निर्यात, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव, कृषि क्षेत्र का लचर प्रदर्शन दूसरी छमाही में जीडीपी को प्रभावित कर सकते हैं। देश व विदेश की वित्तीय संस्थाएं चालू वित्त वर्ष में 6.1 फीसदी से 6.5 फीसदी तक जीडीपी दर रहने का अनुमान जताया है। यह दर विकसित भारत लक्ष्य के लिए नकाफी है। आगे चुनाव वर्ष को देखते हुए सरकार की प्राथमिकता महंगाई नियंत्रण की होनी चाहिए। महंगाई अर्थव्यवस्था को घुन की तरह खोखला कर रही है, यह जीडीपी ग्रोथ को भी प्रभावित कर रही है। विपक्ष के एजेंडे में भी महंगाई है। अच्छी राजनीति के लिए अच्छा अर्थगणित जरूरी है।

सारा संसार



हिमाचल प्रदेश में चामुंडा देवी का यह पहाड़ी मंदिर, 51 शक्ति पीठों में से एक, जो बानेर नदी के तट पर पश्चिम पालमपुर की ओर लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर है। यह हिमाचल के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों में से एक है। चामुंडेश्वरी देवी को देवी दुर्गा के सबसे शक्तिशाली अवतारों में से एक कहा जाता है।

जयंती

ज़ाहिद ख़ान



## हबीब तनवीर : जो जीते जी गाथा पुरुष बन गए

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मक़बूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े अदाकर-निर्देशकों ने हिंदुस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आज़ादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक़्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ़्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी ज़िम्मेदारी तनवीर पर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाइफ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, 'दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।' 1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद ख़ान की शुरुआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तख़ल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफ़ी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। उन्हें बचपन से ही नाटक और फ़िल्मों का शौक़ था। ख़ास तौर से पारसी थियेटर उन्हें ख़ूब आकर्षित करता था। महज़ बारह साल की उम्र में उन्होंने शेक्सपियर के मशहूर नाटक 'किंग जॉन' में प्रिंस आर्थर का किरदार निभाया। बहरहाल, पढ़ाई के साथ-साथ हबीब तनवीर का शायरी और अभिनय का शौक़ परवाज़ चढ़ता रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फ़िल्मों का शौक़ उन्हें आख़िरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फ़िल्मी समीक्षा, विज्ञापन फ़िल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत ज़ल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें फ़िल्मों में भी मौक़ा मिल गया। लिहाज़ा उन्होंने फ़िल्मों में अदाकारी की और कई फ़िल्मों के गाने और संवाद भी लिखे।



विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूत भारत

हाल ही में प्रकाशित एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक इस समय लड़खड़ाती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काले बादल छाए हुए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 2023 में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर संभावित की गई है। यह अगले वर्ष 2024 में और घटकर 2.4 फीसदी रह सकती है। यदि हम वैश्विक परिदृश्य को देखें तो पिछले वर्ष के दौरान तेजी से मौद्रिक नीति सख्त होने से वैश्विक आवास, बैंक ऋण और औद्योगिक क्षेत्र में कमजोरी आई है। सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की ओर नई तकनीकी योग्यताओं से सुसज्जित किया जाना होगा।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों और उथल-पुथल के दौर के बीच भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस समय एक मजबूत आर्थिक देश के रूप में भारत दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा मिशन-मोड में किए जा रहे सुधारों से भारत में कारोबारी सुगमता में वृद्धि हुई है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं। साथ ही जल्द ही भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर दुनिया के लिए विकास का इंजन बन जाएगा। गौरतलब है कि 23 अगस्त को प्रकाशित एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक इस समय लड़खड़ाती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काले बादल छाए हुए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 2023 में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर संभावित की गई है। यह अगले वर्ष 2024 में और घटकर 2.4 फीसदी रह सकती है। यदि हम वैश्विक परिदृश्य को देखें तो पिछले वर्ष के दौरान तेजी से मौद्रिक नीति सख्त होने से वैश्विक आवास, बैंक ऋण और औद्योगिक क्षेत्र में कमजोरी आई है।

स्पष्ट है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के हालात चुनौतीपूर्ण हैं। चीन, अमेरिका और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से भी चिंताजनक संदेश हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन की अर्थव्यवस्था को एक ऐसे टाइम बम की संज्ञा दी है, जो कभी भी फट सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब बुरे लोगों को दिक्कत होती है तो वे बुरे काम करते हैं। दुनिया की वित्तीय एजेंसियां यह टिप्पणी कर रही है कि चार दशक से विकास कर रहे चीन के लिए अब अवसान का समय आ गया है। खासतौर से चीन की अर्थव्यवस्था से वैश्विक आर्थिक जोखिम उभरते जा रहे हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। कोविड-19 की सुस्ती के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के द्वारा रफ्तार पकड़ने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, बड़ी-बड़ी कंपनियों का दिवालियापन, युवाओं में बेरोजगारी से निराशा का बनता नया रिकॉर्ड, बढ़ते सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, फूड से लेकर मकानों के मूल्यों में भारी गिरावट, कारोबारी गतिविधियां का धीमी होना, निवेशकों के चेहरे पर निराशाएं, मांग की तुलना में अधिक उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा की चिंता में अधिक बचत की प्रवृत्ति के कारण बाजार में खरीदी में कमी जैसी जटिल स्थितियों के बीच अब चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के रास्ते सीमित हो गए हैं। जहां चीन में इस समय मुद्रा संकुचन (मनी डिफ्लेशन) की स्थिति है वहीं अमेरिका में मुद्रास्फीति (मनी इनफ्लेनेशन) की स्थिति है। अमेरिका मार्च 2022 से अब तक 11 बार ब्याज दरों में इजाफा करने के बाद भी मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है। अमेरिका असाधारण ऋण से भी गुजर रहा है। पिछले तीन वर्षों में उसके कर्ज में करीब 8 लाख करोड़ डॉलर



का इजाफा भी हुआ। परिणामस्वरूप रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को एए प्लस से कम करके एएए कर दिया है। जापान में भी हालात अच्छे नहीं हैं। जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। जापान में इसके लिए खाद्यान्न, ईंधन और टिकाऊ वस्तुओं की ऊंची कीमतें उत्तरदायी हैं। डॉलर के मुकाबले येन की कीमत में भारी गिरावट आई है।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न नई वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति वाली होगी। भारत की विकास दर 2023 में 5.9 फीसदी व 2024 में 6.1 फीसदी अनुमानित है। दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आएगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ाने में आर्थिक वित्तीय सुधारों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में तेज वृद्धि की अहम भूमिका है। भारत बौद्धिक सम्पदा, शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को अपनी मुठ्ठियों में कर रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। कारोबार सुगमता के लिए नई लॉजिस्टिक नीति, महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना और नई विदेश व्यापार नीति (एफडीपी) के द्वारा नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। भारत में उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान मील का पत्थर बनते जा रहे हैं। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि आरबीआई ने जुलाई 2022 में डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपये में करने का प्रस्ताव किया था। अगस्त 2023 में संयुक्त अरब अमीरात के साथ आयातीत कच्चे तेल का भुगतान रुपये में करने की शुरुआत के बाद अफ्रीकी देशों सहित कई देशों ने रुपये में कारोबार के लिए सकारात्मक रूप दिखाया है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है, लेकिन हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाना होगा। शोध और नवाचार पर व्यय बढ़ाना होगा। शिक्षा और कौशल उन्नयन पर उच्च निवेश करना होगा। सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की ओर नई तकनीकी योग्यताओं से सुसज्जित किया जाना होगा। जहां हमें भारत-अमेरिका के बीच निर्मित नई साझेदारी का पूरा लाभ लेना होगा, वहीं दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को आकार देना होगा।

हमें यह बात भी ध्यान में रखना है कि चीन की आर्थिक कमजोरी भी भारत के लिए चिंताजनक है। भारत के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा आयातक और चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। ऐसे में चीन की अर्थव्यवस्था पर सतर्क निगाहें जरूरी हैं। हमें ध्यान में रखना है कि दुनिया के कोने-कोने की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में जो चुनौतियों की तेज लहरें निर्मित हो रही हैं, उनके बीच भी हमें आसानी से तैर कर दूर तक जाने के लिए सर्तकता के साथ देश से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे की चुनौती को कम करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए जाने की जरूरत बनी हुई है।

## शरीर कर्तव्य का पालन करने के लिए मिला



संकलित

दर्शन

**बाबा हरदेव :** मनुष्य आदि काल से क्रियाशील रहा है। कार्य के बिना जीवन चल ही नहीं सकता। जन्म से लेकर अंतिम श्वास तक मानव क्रियाशील रहता है। मानव योनि कर्म योनि भी है और भोग योनि भी। मानव कर्मों के अनुसार ही सुख या दुख भोगता है। जिसे हम भाग्य कहते हैं उसका निर्माण भी हमारे कर्मों से ही होता है। जब सद्गुरु प्रकट होते हैं वे स्वयं भी कर्म करके मानव मात्र को कर्म करने की प्रेरणा देते हैं। गीता के अनुसार सब शुभ कर्मों का नाम यज्ञ है। गीता के चौथे अध्याय में बताया गया है कि यथार्थ कर्म जो लोक समुदाय के हित के लिए निष्काम भाव से किए जाते हैं उन्हीं कर्तव्य कर्मों को यज्ञ का नाम दिया गया है। अपने काम को कुशलतापूर्वक समय से कर लेना कर्तव्य के प्रति निष्ठा है। यह भी एक दिव्य गुण है। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति पर कभी किसी की अंगुली नहीं उठती। लोग उस का सम्मान करते हैं। सफलता सदैव उसके कदम चूमती है। उसके लिए कुछ भी करना बाकी नहीं रहता। हम दूसरों के लिए कितना कर सकते हैं यह हमारी रुचि उनके लिए कितनी है, उस पर निर्भर करता है। गीद्धराज जटायु ने भगवान राम के प्रति श्रद्धा और हित की भावना से बलिदान दिया और परमगति प्राप्त की। उसने सीताजी की रक्षा के लिए रावण से युद्ध किया। (जब सीता जी रक्षा के लिए पुकार रही थी) भगवान राम कहते हैं तात कर्म निज ते गति पाई। मेरा इस में कोई एहसान नहीं है, अपने कर्म से तुमने यह परमगति पाई है।

## नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा।

छठयम दिवस



गुरुवार को कोच्चि के अलुवा में श्री नारायण गुरु के जन्मदिन के अवसर पर छठयम दिवस समारोह के सिलसिले में आयोजित एक जुलूस के दौरान कलाकार प्रदर्शन करते हुए।

आज की पाती

### महंगाई से कुछ तो राहत मिलेगी

केंद्र सरकार ने त्योहारों के मौसम से पहले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए कमी कर महंगाई से कुछ राहत दी। रसोई गैस सिलेंडर की कीमत पिछले कुछ समय से बढ़ती ही जा रही थी। विपक्ष बेशक इसे राजनीति के चश्मे से देखेगा, लेकिन आम जन को इससे कुछ राहत तो मिलेगी। अगर रसोई गैस की कीमत बढ़ती जाएगी तो यह मध्यम वर्गीय लोगों के लिए भारी मुश्किल पैदा कर देगी। हमारे देश के गांवों में आज 21वीं सदी में भी कुछ लोग खाना बनाने के लिए चूल्हे में लकड़ी और गोबर के उपले जलाने की विधि अपनाते हैं। यह विधि लोगों के स्वास्थ्य पर इसमें धुआं होने से बुरा असर डालती है, खासतौर पर खाना बनाने वाली महिलाओं पर। केंद्र सरकार ने महिलाओं की सेहत की चिंता करते हुए कुछ राहत दी है।

*– विजेंद्र परमार, रायगढ़*

करंट अफेयर

## जापान के पीएम ने मछली बाजार का किया दौरा

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची संयंत्र से उपचारित रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल को समुद्र में छोड़े जाने की प्रतिक्रिया में जापानी सीफूड (समुद्री आहार) पर चीन के प्रतिबंध के प्रभाव का आकलन करने के लिए बृहस्पतिवार को तोक्यो के टोयोसु मछली बाजार में सीफूड का नमूना चखा और श्रमिकों से बात की। उपचारित अपशिष्ट जल को छोड़ना पिछले सप्ताह शुरू हुआ और उम्मीद है कि यह लंबे समय तक, संभवतः दशकों तक जारी रहेगा। जापानी मछली पकड़ने वाले समूहों और पड़ोसी देशों ने इसका विरोध किया और चीन ने प्रतिक्रिया में तुरंत जापानी सीफूड के सभी आयात पर प्रतिबंध लगा दिया।



ऑफ बीट

## तापमान दो डिग्री बढ़ने से डूब जाएंगे 1500 तटीय क्षेत्र

दुनिया की अधिकतर प्राकृतिक तटरेखा जीवित रिहायशों द्वारा संरक्षित है, विशेष रूप से गर्म पानी में मैंग्रोव और ध्रुवों के करीब ज्वारीय दलदल।



ये पारिस्थितिकी तंत्र मत्स्य पालन और वन्य जीवन की सहायता करते हैं, टकराती लहरों के प्रभाव को अवशोषित करते हैं और प्रदूषकों को साफ करते हैं। लेकिन, इन महत्वपूर्ण सेवाओं को वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और समुद्र के बढ़ते हुए जल स्तर से खतरा है। हमने पाया कि अधिकतर ज्वारीय दलदल और मैंग्रोव समुद्र स्तर की वर्तमान दर, लगभग 2-4 मिमी प्रति वर्ष, के साथ तालमेल बनाए हुए हैं। इन परिस्थितियों में प्रवाल द्वीप भी स्थिर दिखाई देते हैं।

ट्रेंड

### मिलकर काम करना होगा



मैंने हैगेगिंगोब के राष्ट्रपति से पुनः पुष्टि की कि डब्ल्यूएचओ नामीबिया की स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का समर्थन को प्रतिबद्ध है। हम उच्च रक्तचाप, मधुमेह के बढ़ते बोझ को दूर करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### हमेशा सकारात्मक रहें



सकारात्मक विचारों के सामने नकारात्मक विचार टिक नहीं पाते। साहस भय पर विजय प्राप्त करता है। धैर्य क्रोध और अवसाद पर विजय प्राप्त करता है। प्रेम घृणा पर विजय प्राप्त करता है, इसलिए यथार्थवादी और सकारात्मक रहें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### यह किस्सा है 'डेमोकुर्सी'



प्रधानमंत्री मोदी ने रसोई गैस की क़ीमतों में अचानक से कटौती कर दी है। यह किस्सा है 'डेमोकुर्सी' का। कर्नाटक में बीजेपी की हार-एनपीजी की ऊंची क़ीमत चुनाव के मुख्य मुद्दों में से एक थी।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### आईएनडीआईए जीतेगा



देश को बदहाली से बचाने के लिए केजरीवाल इंडिया गठबंधन में शामिल हुए हैं। केजरीवाल का मकसद देश को बचाना है। प्रधानमंत्री बनना नही। पीएम मोदी ने लाखों करोड़ लुटकर अपने दोस्तों को बांट दिया, देश में सिविल वार की स्थिति पैदा कर दी। इंडिया जीतेगा एनडीए हारेगा।

-संजय सिंह, आप सांसद

## संक्षेप

### आदित्य एल1 की सफलता को लेकर अयोध्या में अनुष्ठान

**रामादल ट्रस्ट ने सरयू में अभिषेक किया, सूर्य से प्रार्थना कर हवन की**

अयोध्या, आदित्य एलछ-1 की सफलता को लेकर रामादल ट्रस्ट परिसर में ग्रहों के राजा सूर्यदेव का आह्वान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल्किराम ने भारतीय वैज्ञानिकों के प्रयासों की सफलता हेतु अमोघ आदित्य हृदय स्त्रोत और विष्णु सहस्त्रनाम से आहुति अर्पित कर राष्ट्र मंगल की प्रार्थना की। इससे पहले पंडित कल्कि राम ने आज प्रातः काल सरयू तट के लक्ष्मण घाट पर श्री अयोध्या जी का दुग्धाभिषेक कर आदित्य एल के सफलता की प्रार्थना की।भारत के नव निर्माण हेतु किए जा रहे हर प्रयासों की निगरानी करते हुए उनकी शत प्रतिशत सफलता के लिए आध्यात्मिक शक्तियों के आवाहन किया। जिससे किसी भी प्रकार की कोई कसर न रहने पाए। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को आशा भरी नजरों से देख रहा है जो शत्रुता का भाव रखें है उनका अस्तित्व ही खतरे में है।

### झगड़े में बीच-बचाव करने गए युवक को पीटा, मौत

**मृतक की मां की तहरीर पर सात लोगों पर हत्या का केस दर्ज, एक को हिरासत में लिया**

अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में मालीपुर थाना इलाके के भदोई गांव में शुक्रवार की देर शाम खेत में जानवर घुसने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ और लाठी डंडे चले। विवाद में पिटाई के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की माँ की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगो पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। सूचना के अनुसार मालीपुर थाना इलाके के भदोई गांव में शुक्रवार देर शाम शीला यादव का पालतू जानवर घर के सामने स्थित महेंद्र यादव के खेत में चला गया। जानवर के खेत मे घुसने की सूचना पर खेत के पास पहुंचे अजय, अशोक, महेन्द्र, राजेश, श्यामादेवी और सिम्पल हाथ में लाठी डंडा लेकर शीला से गाली गलौज तथा ईंट पत्थर चलाने लगे।इसी दौरान पड़ोसी विनोद यादव उर्फ कल्लू बीच बचाव को पहुंचा तो विपक्षियों ने उसकी लाठी डंडा से पिटाई शुरू कर दिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर सीओ देवेन्द्र कुमार ने घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मौके पर मिली श्यामा देवी को हिरासत में ले लिया है। हालांकि अन्य आरोपी पुलिस पकड़ से दूर है। थानाध्यक्ष प्रेमचंद ने बताया कि मृतक की मां सरोजा देवी की तहरीर पर अजय, अशोक, महेंद्र, राजेश, बृजेश, श्यामा देवी और सिंपल के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# वरिष्ठ पत्रकार पर हमले के दबंग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**उपजा प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**अन्य संगठनों के पत्रकार साथी भी रहे मौजूद**

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार संदीप अग्रवाल पर कुछ दबंगों द्वारा पिछले दिनों किए गए हमले के मामले में उपजा का प्रतिनिधि मंडल नानपारा तहसील अध्यक्ष मनोज टेकडीवाल व महामंत्री दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी अजीत परेश से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन देकर हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही का आश्वासन देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा राजस्व विभाग को पत्र भी भेजा है। नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार संदीप अग्रवाल की लगभग बीस साल पुरानी बैनामा जमीन पर कुछ लोगों द्वारा नाजायज कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों दबंगों ने उनकी पत्नी श्रीमती सीमा की घेराबंदी कर हमले का प्रयास किया गया और गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दी और श्री अग्रवाल पर हमला कर घायल कर दिया।इस मामले की रिपोर्ट नानपारा कोतवाली में दिनांक 24 अगस्त को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने यह मामला धारा 323 ,504, 506, 427 में दर्ज किया है जबकि इसमें 147 धारा भी शामिल होनी चाहिए। देर शाम हुई घटना को लेकर विवेचक को तीन नामजद और दो अज्ञात का मौके पर होना पीड़ित द्वारा बताया गया। घटना के बाद से पीड़ित पत्रकार श्री अग्रवाल का परिवार दहशत में है। इस मामले में हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी से दर्ज रिपोर्ट में धारा 147 शामिल कराने और हमलावरों को तत्काल गिरफतार कराने की मांग की। उप जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा तथा राजस्व विभाग को पत्र लिखा है। प्रतिनिधि मंडल में अन्य पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ पत्रकार डी के श्रीवास्तव , जयदीश श्रीवास्तव, रजनीश सत्या, विनोद जायसवाल,संदीप अग्रवाल, अभिलाष श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता,नयन जायसवाल ,दिवाकर श्रीवास्तव, सोनू आदि शामिल रहे।

# हापुड़ की घटना के क्रम में अधिवक्ताओ ने ज्ञापन सौंप कर किया धरना प्रदर्शन

**कैसरगंज तहसील परिसर में अधिवक्ताओ ने दिया धरना**

**पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच के कैसरगंज तहसील परिसर में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज अधिवक्ता संघ कैसरगंज के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ कैसरगंज के अधिवक्ताओ ने हापुड़ की घटना के क्रम में एक ज्ञापन मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को जरिये उपजिलाधिकारी कैसरगंज को सौंपा तथा तहसील परिसर में एकत्र होकर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज की निंदा करते हुए धरना प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी किया कैसरगंज बार के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह व पूर्व अध्यक्ष राज किशोर यादव ने बताया कि बार काउंसिल के निर्णय के क्रम में सभी अधिवक्ता जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का अविलम्ब स्थानान्तरण व दोषी पुलिस कर्मियों जिन्होने बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया है और महिला अधिवक्ताओं को भी पीटने का कार्य किया है। ऐसे दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज हो तथा प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरूद्ध पुलिस ने मनगढन्त झूठी कहानी बनाकर जो मुकदमें दर्ज किए हैं, उन्हें वापस (स्पंज) किया जाए नही तो बार काउंसिल ऑफ यूपी के दिशा निर्देश के क्रम में हम अधिवक्ता गण पुलिस प्रशासन का विरोध करते रहेंगे।

# प्रधानी उपचुनाव को लेकर एसडीएम ने किया पोलिंग बूथ का निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड हुजूरपुर के ग्राम सिरौला में 6 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर सोमवार को एसडीएम पंकज दीक्षित ने सिरौला के पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार सिंह को व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होने उन्होंने प्रकाश व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर कराने के लिए निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि 16 जुलाई 2023 को सिरौला की ग्राम प्रधान मालती देवी पत्नी मगन का निधन हो गया था। तभी से प्रधान प्रधान पद रिक्त चल रहा था। एसडीम पंकज दीक्षित ने बताया कि 8 सितंबर को मतगणना करायी जायेगी।

# बहराइच में जातिगत जनगणना कराए जाने की उठी मांग

**केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद ने सौंपा ज्ञापन**

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत जिला इकाई के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य व प्रदेश महासचिव संतोष कुमार मौर्य के नेतृत्व में जातिगत जनगणना कराके हक दिलाने एवं स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) चयन आयोग की ओर से दिल्ली पुलिस भर्ती 2023 में 27% आरक्षण घोटाले को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल अनुप्रिया सिंह पटेल को डाक बंगले पर ज्ञापन सौंपकर आरक्षण एवं जातिगत जनगणना करने की मांग की। जिला अध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य ने कहा कि भारत में पिछड़े वर्ग की वास्तविक संख्या ना पता होने से आज भी ओबीसी अपने वाजिब अधिकारों से वंचित हैं।शिक्षा,स्वास्थ्य, सम्मान व संपत्ति से जातीय भेदभाव ने हर क्षेत्र में पिछड़े वर्ग को प्रतिनिधित्व से दूर कर दिया है। आज तक स्वतंत्र भारत में जातीय जनगणना नहीं होने से अधूरी योजनाओं से संवैधानिक लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है।

10 वर्षों तक पिछड़ा पिछड़ा ही रहेगा अगर जाति जनगणना नहीं होती है।वहीं मंडल प्रभारी देवी पाटन लोकेश कुमार मौर्य ने कहा कि ओबीसी पूरे भारत में लगभग 52 फीसदी हैं और हर जगह ओबीसी को ही दबाने का कार्य किया जाता है चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या अन्य रोजगार के मामले में।अभी हाल में दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 का विज्ञाप्ति स्टाफ सिलेक्शन कमीशन चयन आयोग की ओर से निकली गई।जिसमें सामान्य 2748, ईडब्ल्यूएस 488, ओबीसी 258, एससी 717,व एसटी को 242 सीटे आवंटन किया गया है। जो कुल 4453 पद है।अगर संवैधानिक हिसाब से कुल पद 4453 के 27% में 1203 सीट ओबीसी को मिलना चाहिए लेकिन केवल 258 सीट आवंटन हुआ है।इस प्रकार ओबीसी आरक्षण पर प्रहार किया गया है। वरिष्ठ कार्यकर्ता अमित कुमार मौर्य ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की इन विभाजन व दमनकारी नीतियों एवं जातिगत जनगणना न करानें का मौर्य परिषद की ओर से आरपार संघर्ष करके विरोध किया जाएगा।इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार मौर्य, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मनीष मौर्य मधुर, जिला महासचिव एडवोकेट संजीव कुमार मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य,जिला संगठन मंत्री दिलीप कुमार मौर्य,तहसील सदर अध्यक्ष शिव कुमार मौर्य, विनीत कुमार मौर्य, महेंद्र कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल




**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी के संबंध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में पंजीकृत मु0अ0सं0 283/2023 धारा 328/376(3) भादवि 3/4(2) पोक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त इमरान अली सलमानी पुत्र फारूख अली सलमानी निवासी बरवलिया चौराहा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा देवरा चौराहा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में आवश्यक विधिक कार्यवाही कर गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

# शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए डीएम ने जनपदवासियों से की अपील

**अमन लेखनी समाचार**




बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए सभी नागरिकों से अपील की है कि 11 से 16 सितम्बर तथा 09 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित होने वाले सघन मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के द्वितीय एवं तृतीय चरण में छूटे हुए 0-5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराकर बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों (टीबी, पोलियो, डायरिया, निमोनिया, काली खांसी, गलाघोंटू, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी, खसरा एवं रूबेला आदि) से सुरक्षा कवच प्रदान करें। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जनपद में 07 से 12 अगस्त, 2023 तक संचालित हुए प्रथम टीकाकरण अभियान की भांति 11 से 16 सितम्बर 2023 तथा 09 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित होने वाले द्वितीय एवं तृतीय चरण में भी रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन जिला अस्पताल सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं टीकाकरण हेतु निर्धारित सत्र स्थल पर यह सभी टीके निःशुल्क लगाये जायेंगें। डीएम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने 0-5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर उनका टीकाकरण अवश्य करवायें। यह टीके पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण हेतु आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व एएनएम द्वारा आपको नियत टीकाकरण सत्र स्थल की सूचना भी उपलब्ध करायी जायेगी। डीएम ने यह भी बताया कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर सभी गर्भवती महिलाओं की जांच निःशुल्क की जाती है।इसके लिए आप अपने नजदीकी आशा या आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर हुई भाजपा की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के कैसरगंज कार्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि कैसरगंज मंडल प्रभारी गुलाब चंद्र शुक्ला रहे, तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह एवं महामंत्री कैसरगंज शिवानंद सिंह , भगवान दास सोनी जी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के पथ प्रदर्शक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पमाला अर्जित कर किया गया। मंच का संचालन भगवान दास सोनी ने किया, उन्होंने मेरी माटी मेरा देश से संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा पर बताते हुए कहां की 1 से 15 सितंबर तक प्रत्येक गांव से पवित्र स्थान की मिट्टी संग्रहण कर ब्लॉक स्तर पर गांव से लाए गए अमृत कलश को एकत्रित कर लिया जाएगा । इसके बाद कलश में रखा जाएगा, जिसे राज्य व राष्ट्र पर भेजने का कार्य किया जाना है। इस मिट्टी को दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका में उपयोग किया जाना है। इस बैठक में महामंत्री ओमप्रकाश विश्वकर्मा, मुन्नू लाल वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, राम सतीश वर्मा ,अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेश हीरालाल मौर्य, विवेक शर्मा कैसरगंज सोशल विधानसभा आईटी प्रमुख रुपेश कुमार सिंह जीतू , प्रमोद सिंह, उमा प्रताप सिंह राकेश गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, आदि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# अम्बेडकरनगर में वेयर ड्रग हाउस के निर्माण में लापरवाही

- मंडलायुक्त ने लगाई फटकार, सीडीओ को कार्यदायी संस्था के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में मंडलायुक्त गौरव दयाल ने अकबरपुर तहसील के तिवारीपुर में बन रहे ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया।इस दौरान ड्रग वेयर निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए मंडलायुक्त ने सीडीओ से कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।मंडलायुक्त ने कहा निमार्णाधीन कंपनी लापरवाही कर रही है।जिले में दवाओं को संरक्षित करने के लिए अकबरपुर तहसील क्षेत्र के तिवारीपुर में करीब 9 करोड़ में ड्रग वेयर हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण की जिम्मेदारी आवास विकास को दी है। ड्रग वेयर हाउस का निर्माण जून 2022 में शुरू हुआ और जुलाई 2023 तक निर्माण पूरा हो जाना था, लेकिन अभी तक केवल 40 से 50 फीसदी ही काम हुआ है। ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त गौरव दयाल ने निर्माण की गति धीमी होने पर नाराजगी जतायी और सीडीओ को निर्देश दिया कि कार्य दायी संस्था को निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दे और उन पर कार्रवाई करे।

# अम्बेडकरनगर में बुनकरों ने किया प्रदर्शन

**कहा- बिजली का रेट बढ़ने से बढ़ी दिक्कतें, पहले की तरह कम रेट पर मिले**

**अमन लेखनी समाचार**



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में बुनकरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। शनिवार को कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के प्रांगण में बुनकरों ने धरना दिया और जिलाधिकारी अविनाश सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। संगठन ने मांग की, उन्हें पहले की तरह बिजली दी जाए, जिससे उनका काम प्रभावित न हो। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बुनकरों ने कहा कि पहले उन्हें फिक्स रेट पर बिजली दी जाती थी, लेकिन अब बिजली का रेट काफी बढ़ा दिया गया, जिससे बुनकर बहुत परेशान हैं। बुनकर सगीर ने कहा कि बुनकर पहले ही बहुत परेशान है। वह किसी तरीके से अपने परिवार का जीवन यापन चला रहे थे, लेकिन अब सरकार ने बिजली का रेट बढ़ाकर उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें 70 रुपये फिक्स रेट पर बिजली दिया जाता था, लेकिन अब वही बिजली उन्हें 400 रुपया में मिलता है। उन्होंने कहा कि बुनकरों की मांग है

# अम्बेडकरनगर सांसद से मिला शिक्षामित्रों का प्रतिनिधि मंडल

- 3 सितंबर को तिरंगा यात्रा निकालकर आवाज करेंगे बुलंद, स्थायी निराकरण की करेंगे मांग

**अमन लेखनी समाचार**



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी अपनी समस्याओं को लेकर सांसद रितेश पांडेय से मिले। संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर तीन सितंबर को अपने-अपने जिले के सांसद के आवास पर तिरंगा यात्रा निकाल कर ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया था। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष विजयदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्र 22 साल से बेसिक शिक्षा विभाग में अल्प मानदेय पर अपनी सेवाएं पूरी ईमानदारी के साथ दे रहे हैं। शिक्षामित्र प्रशिक्षित एवं स्नातक हैं। अन्य प्रदेश में शिक्षा मित्र की समस्याओं को स्थायी रूप से समाधान हो चुका है। उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्र अपनी समस्याओं का स्थायी निराकरण करने की मांग सालों से कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए तीन सितम्बर को 11 बजे सभी शिक्षामित्र अकबरपुर ब्लॉक से तिरंगा यात्रा निकाल कर सांसद रितेश पांडेय को ज्ञापन देंगे।

# संक्षेप

## समस्याओं के निस्तारण में सहजनवा तहसील प्रदेश में अव्वल

गोरखपुर। सहजनवां फरियादियों की समस्याओं का तेजी से निस्तारण कराने के मामले में सहजनवा तहसील प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बताते चले कि फरियादियों द्वारा आईजीआराएस पोर्टल पर अपनी समस्याओं को लेकर किये गये शिकायत को सहजनवा तहसील प्रशासन ने गुनवकतापूर्ण निस्तारण किया है। जिसकी समीक्षा शासन द्वारा प्रतिमाह किया जाता है। अगस्त माह में आईजीआरएस सम्बंधित शिकायत के निस्तारण में सहजनवा तहसील को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। इसमें ध्यान रखा गया है कि 30 दिन के अंदर कोई शिकायत डिफॉल्ट तो नही हुई है। निस्तारण कितने दिन में किया गया है। वह गुणवक्तापूर्ण है कि नही।निस्तारण के बाद फरियादी संतुष्ट है कि नही। इस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखा गया है। निस्तारण किये गये सभी शिकायत को शासन द्वारा कंट्रोल रूम से फरियादी को फोनकर ली गयी थी।

## भाजपा नेता ने ललकारा तो पीट दिया वृद्ध महिला को

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 6 पिपरा निवासी एक वृद्ध महिला तथा उसके परिजन को पीट दिया। पीड़िता ने भाजपा नेता सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत किया है। मिली जानकारी से मीना पत्नी लाला 60 वर्ष निवासी वार्ड 6 पिपरा बरसात होने से दरवाजे के सामने जल जमाव हो गया था ।सोमवार को सुबह 6 बजे पानी का निकासी कर रही थी। जिसे देखकर पड़ोसी को नागवार लगा। और मनबढ़ गाली गलौज पर आमादा हो गये। उसी दौरान भाजपा नेता आ गये जिनके ललकारने पर मनबढो ने वृद्ध महिला तथा उसके बेटे आशीष व पति लाला यादव को पीटकर घायल कर दिये। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस बाबत एसओ महेंद्र मिश्र ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है।

## चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की एफआईआर दर्ज

औग, फतेहपुर। गत दिवस नेशनल हाईवे स्थित थाना कल्याणपुर क्षेत्र के ग्राम बड़ौरी टोल प्लाजा के निकट एक अंडे और चाय की दुकान में ट्रक चालक के साथ मारपीट होने का समाचार प्रकाश में आया है। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित राघवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रारा थाना हुसेनगंज ने दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार गत दिवस रात करीब 10 बजे बड़ौरी टोल प्लाजा से लगभग 50 मीटर पहले स्थित चाय और अंडे की दुकान में बैठे डीएन पटेल और उसका भाई कल्लू जिसने जबरन फास्ट्रैग डलवाने को लेकर गाली गलौज किया, विरोध करने पर मारपीट की तथा ट्रक में बैठे पिता ने बीच बचाव किया तो उन्हें भी मार पड़ गई। पीड़ित ने दो नामजद तथा दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# आयुर्वेद न्याय व वैशेषिक दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित : डॉ. मिश्र

### गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस में संस्कृत सप्ताह समारोह

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में संस्कृत सप्ताह समारोह के पांचवें दिन आयुर्वेद में तर्कशास्त्र विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. प्रांगेश कुमार मिश्र ने कहा कि आयुर्वेद और तर्कशास्त्र की भाषा संस्कृत है। इसलिए आयुर्वेद के छात्रों को संस्कृत का ज्ञान अपरिहार्य है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारतीय दर्शन के न्याय और वैशेषिक दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित है। इसमें पंचतत्व हेतु लिंग और औषधि ज्ञान का सिद्धांत है। ये सब न्याय, वैशेषिक रूपी तर्कशास्त्र का अंगभूत है। ये सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पदार्थों से बना हुआ है, हमारा शरीर भी उन्ही पदार्थों की संरचना है। 'यत पिंडे तत ब्रह्माण्डे' के सिद्धांत के आधार पर अर्थात शरीर को समझने के लिए ब्रह्माण्ड के पदार्थों का ज्ञान होना आवश्यक है जो तर्कशास्त्र के द्वारा समझा जा सकता है। डॉ. मिश्र ने कहा कि तर्कशास्त्र में वर्णित 24 गुण हमारे शरीर और वातावरण के महत्वपूर्ण विषय हैं। वैद्य को आध्यात्मिक होना चाहिए जिससे वह सकारात्मक रूप से अपना चिकित्सा कार्य कर सकता है। उसे यह भी समझना होगा कि चिकित्सकीय कार्य ईश्वरीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन कोमल गुप्ता और आभार ज्ञापन आचार्य साध्वी नंदन पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर आयुर्वेद कालेज के शैक्षणिक प्रमुख डॉ. नवीन के., डॉ. प्रज्ञा, डा. शान्तिभूषण सहित बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुप्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी प्रो पूनम टंडन ने संभाला गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यभार

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद प्रो पूनम टंडन ने सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया। प्रो टंडन आजादी के बाद स्थापित उत्तर प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय की 39वी कुलपति है तथा दूसरी महिला कुलपति है ।प्रो पूनम टंडन ने प्रो राजेश सिंह से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रो टंडन ने निवर्तमान कुलपति प्रो राजेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने मुझे ए प्लस प्लस विश्वविद्यालय सौंप के जा रहे हैं।

प्रो. पूनम टंडन का लगभग 32 वर्ष का लम्बा करियर अनेक अकादमिक और प्रशासनिक उपलब्धियों से भरा रहा है। प्रो टंडन ने अपने शोध एवं शैक्षणिक कार्यकाल में अनेकों सम्मान अर्जित किये हैं। उनको जर्मनी के प्रतिष्ठित अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट फेलोशिप सहित दर्जनों सम्मान मिले हैं। लगभग 32 पुस्तकों के लिए लेखन कार्य किया है। 250 से ज्यादा शोध पत्र विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हैं। 40 विद्यार्थियों ने प्रो. टंडन के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया है। दर्जन भर से अधिक रिसर्च प्रोजेक्ट प्रो. टंडन के नाम हैं, जिनमें फ्रांस, ब्राजिल, जर्मनी और रूस से सम्बंधित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट भी सम्मिलित हैं। प्रो. पूनम टंडन लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की अध्यक्ष, प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर जैसे महत्त्वपूर्ण पदों का सकुशल निर्वहन कर चुकी है। गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पद का दायित्व ग्रहण करने से पहले प्रो. टंडन में लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा अधिष्ठाता ऐकडेमिक थी।

# लिंक एक्सप्रेसवे का मंडलायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा गोरखपुर को सुंदर बनाने व विकास के पद पर ले जाने के लिए सदैव तत्पर हैं गोरखपुर में चल रहे कार्यों को और गति देने के लिए लिए आज सोमवार को मंडलायुक्त अनिल ढींगरा मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना के साथ नौसड़ से 0. तक बंधे का हो रहे सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए सदर तहसील अंतर्गत छपिया से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को ढडोना तक का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था राष्ट्रीय लोक निर्माण विभाग को मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय वध तरीके से निस्तारण करने का कार्य करें जिससे गोरखपुर मंडल को विकास के पद पर ले जाने के लिए और गति प्रदान की जा सके।

# क्षेत्र में जगह-जगह शिविर लगाकर मरीजों का किया जा रहा इलाज

### स्वास्थ्य शिविर लगाकर हुआ उपचार आज जिला टीम द्वारा कराया जाएगा एंटी लार्वा का छिड़काव

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत दर्जनों गांव डेंगू मलेरिया समेत गंभीर बीमारियों से ग्रसित पाए गए जहां समय रहते स्वास्थ्य विभाग सचेत हुआ तथा जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत गांव खानपुर कदीम एवं रुसिया में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों की जांच की गई जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि खानपुर कदीम में कुल 29 मरीजों का उपचार हुआ जिसमें पांच मरीजों को बुखार 10 मरीजों को खांसी जुकाम दो मरीजों को दस्त तथा 5 मरीज अन्य मर्जों के मिले इसके साथ-साथ दो मरीज कान संबंधित तथा एक मरीज आंखों से संबंधित बीमारी का मिला इसी प्रकार रूसिया गांव के कंपोजिट विद्यालय में लगे स्वास्थ्य शिविर में कुल पांच मरीजों का उपचार किया गया स्वास्थ्य विभाग ने 10 मरीजों का डेंगू तथा मलेरिया टेस्ट किया जो सभी ऋणात्मक पाए गए चिकित्सा अधीक्षक ने ग्रामीणों को साफ सफाई रखने तथा मच्छरों के बचाव की प्रेरणा दी वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि आज दोनों गांव में सोर्स रिडक्शन एंटी लार्वा का छिड़काव तथा इंडोर स्प्रे जिला मलेरिया टीम द्वारा किया जाएगा स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली की टीम अंतर्गत डॉक्टर आकांक्षा बाजपेई एएनएम अर्चना देवी सी एच ओ दीप कुमार शिवम समेत चिकित्सकों की भारी टीम मौजूद रही

# सहजनवा विधायक ने 1.88 करोड़ की लागत से बने मार्गों का किया लोकार्पण




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली ब्लाक में विधायक प्रदीप शुक्ला ने पाली क्षेत्र में 1करोड़ 88लाख की लागत से 10 गावों में बने सीसी व पिच रोड का सोमवार को लोकार्पण किये। विधायक ने क्षेत्र के देवापार डुगडुइया,मिनवा,डोहरियाकला,कोदरी,सिसई, रिठुआखोर, धुरियापार, बेलौरा,बरईपार में 157.53लाख की लागत से बने सीसी रोड एवं बलूआ में 31.29लाख की लागत से बने पिच मार्ग का लोकार्पण किया ।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख शशी प्रताप सिंह,सांसद प्रतिनिधि रमेश मिश्र,विकास पाण्डेय,शिवचरन प्रसाद,बीईओ रजनीश द्विवेदी,प्रधान संघ अध्यक्ष विश्वजीत सिंह, अजीत शुक्ला,ई रमेन्द्र नाथ मिश्र,राम सिंह, दिनेश जायसवाल,ई, अवर अभियन्ता ई सुबोध कुमार तिवारी,मनोज सिंह,रामबुझारथ पासी, अभिमन्यु मौर्य समेत अन्य मौजूद रहें।

# बार एसोसिएशन के सदस्यों ने किया शपथ ग्रहण

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई गोपनीयता की शपथ

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत सभी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ जनपद के सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षा गृह प्रांगण में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी श्रुति पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल समेत वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया शपथ ग्रहण समारोह में जनपद के सभी न्यायाधीशों के साथ पूर्व सांसद डॉ अशोक पटेल वर्तमान जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल आदि चयनित विजेता सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया प्रांगण अंतर्गत मौजूद मुख्य निर्वाचन अधिकारी बाबू सिंह यादव तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश वर्मा महामंत्री बचानीलाल समेत नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी श्रुति पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल आदि सभी वरिष्ठ अतिथियों ने शुभकामनाएं देते हुए बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को निष्पक्ष रूप से जिम्मेदारियां निभाने की प्रेरणा दी।

# पीजी गांव में चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द कराए पूर्ण सीडीओ



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। विकास भवन सभागार में परफॉर्मेंस ग्राउंड के 32 गांव के ग्राम प्रधानों व ग्राम विकास अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पीजी गांव में चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता युक्त समायावधी का ध्यान देते हुए ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान आपसी सामंजस बनाते हुए कार्यों को करवाए जिन गांव का टेंडर अभी हाल ही में कराया गया है उन गांव के ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी जल्द से जल्द कार्यों को निस्तारित करने का कार्य करें किसी भी गांव के विकास कार्य को कराने के लिए धन की कमी नहीं है अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए कार्यों को करवाए जिससे अन्य विकास कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण किया जा सके इस दौरान जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा एडीपीआरओ आशुतोष कुमार सहित पीजी गांव के ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सिविल वार एसोसिएशन बांसगांव में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक कार्रवाई किए जाने तथा शासन प्रशासन द्वारा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने के संबंध में आज 4 सितंबर को सिविल वार एसोशिएशन बांसगांव के अधिवक्ताओं ने एक आवश्यक बैठक का आयोजित किया ।बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने किया ।संचालन मंत्री पवन कुमार पांडेय औरं रणन्जय कुमार सिंह द्वारा किया गया ।बैठक में राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के द्वारा प्रेषित पत्रांक संख्या 2716/ 3.9.23 पर विचार किया गया तथा मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष निम्न मांगों को पारित किया गया । जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का अभिलंब स्थानांतरणदोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किया जाये प्रदेश भर के अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज मनगढ़ंत व झूठे मुकदमे वापस लिए जाएंएडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरंत प्रदेश में लागू किया जाएहापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए ।बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा सरकार को हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए ।और यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो अधिवक्तागण आगे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । इस अवसर पर अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार शुक्ला, कृष्ण मुरारी तिवारी, अश्वनी कुमार दुबे, शंकर शरण मिश्रा, अरुण कुमार राय ,शिव शंकर प्रसाद, आनंद सिंह, पवन कुमार पांडेय, रणन्जय कुमार सिंह और विश्वनाथ त्रिवेदी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे ।

सम्मानित — प्रधानाध्यापिका ने माल्यार्पण कर पदक से किया सम्मानित

# अटल आवासीय विद्यालय में चयनित हुई तारापुर की छात्रा

### विद्यालय में मनाया गया हर्षोल्लास खंड शिक्षा अधिकारी ने दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद में शिक्षा जगत को सर्वोच्च सिंहासन पर विराजमान करने वाले बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव एवं अमौली खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय तारापुर में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्रा श्रेया गौतम का चयन अटल आवासीय विद्यालय में हुआ खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला ने जागरुक होकर अटल आवासीय योजना अंतर्गत विद्यालय की होनहार छात्रा को इस प्रतिभागी परीक्षा का प्रतिभागी बनाया जिस परीक्षा में उत्तम श्रेणी प्राप्त कर कक्षा 5 की छात्रा श्रेया गौतम ने विद्यालय समेत बेसिक शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी तथा अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया यह जानकारी मिलते ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला ने विद्यालय में हरषोल्लास मनाते हुए वृहद कार्यक्रम की संरचना की कल विद्यालय में उपस्थित छात्रा श्रेया गौतम एवं छात्र के माता-पिता क्रमशः तारावती एवं सुरेश चंद्र गौतम को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला सहायक अध्यापिका सुधा उत्तम समेत अभिभावक संघ के सदस्यों ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया प्रधानाध्यापिका शिक्षिका ने मिष्ठान वितरण करते हुए छात्रा को मुंह मीठा कराया तथा मेडल देकर खुशी जाहिर की मिली जानकारी के अनुसार मेहनत मजदूरी करते हुए पिता सुरेश चंद्र ने अपनी छह बेटियों में सबसे छोटी बेटी श्रेया गौतम को उत्तम शिक्षा का संकल्प लिया था जो सार्थक सिद्ध हुआ छात्रा की विदाई समारोह में विद्यालय के छात्रों ने पुष्प वर्षा करते हुए भावभीनी विदाई दी वही छात्रा के माता-पिता ने भी इस उत्तम शिक्षा के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत विकासखंड पर विराजमान खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला सहायक अध्यापिका सुधा उत्तम आदि का आभार व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की

### छात्रा के चयन से भाव विभोर हुए खंड शिक्षा अधिकारी

होनहार छात्रा की सफलता की जानकारी मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी अमौली कुंवर सिंह कमल ने भी छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि समूचे विकासखंड में लगभग आधा दर्जन ऐसे विद्यालय हैं जिन विद्यालयों के बच्चे समूचे विकासखंड ही नहीं अपितु जनपद तथा प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा बिखरने के लिए आतुर हैं विकासखंड के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय अमौली समेत कई विद्यालयों की शिक्षा आज अंग्रेजी माध्यम गैर सरकारी विद्यालयों की शिक्षा को मात दे रहे हैं इन्ही विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय तारापुर जहां के बच्चों ने समूचे जनपद में कीर्तिमान स्थापित कर शिक्षा जगत में विकासखंड का गौरव बढ़ाया छात्रा श्रेया गौतम को अटल आवासीय विद्यालय में चयन होने में छात्र के साथ- साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला सहायक अध्यापिका सुधा उत्तम को खंड शिक्षा अधिकारी ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी वही विद्यालय परिसर में मिष्ठान वितरण कराया गया इस मौके पर विदाई समारोह में विद्यालय के शिक्षकों के साथ छात्रा की माता तारावती पिता सुरेश चंद्र गौतम बहन अर्चना अभिषेक कुमार सुमित्रा देवी कुसुम कली समेत प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही

# स्वच्छता को लेकर शिक्षा विभाग ने फैलाई जागरूकता

### प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

अमन लेखनी समाचार



बकेवर, फतेहपुर। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत जनपद के देवमई विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में सामुदायिक सहभागिता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी विजय द्विवेदी तथा एलएललफ टीम के परविंदर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता अभियान रैली को रवाना किया विद्यालय की सहायक अध्यापिका कल्पना गौतम के सहयोग से आज संचालित होने वाले शिक्षक दिवस के पावन अवसर को लेकर सुंदर-सुंदर पोस्टर वॉल हैंगिंग शिक्षक कार्ड आदि बनाए गए वही विद्यालय के बच्चों ने संपूर्ण गांव में रैली निकालते हुए साफ सफाई के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया वही विद्यालय परिसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए मुख्य अतिथि समेत उपस्थित जन समुदाय को भाव विभोर कर दिया स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हुए कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों ने बच्चों के अभिभावकों को साफ सफाई के प्रति आकर्षित किया वही सहभागिता दिवस पर प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के शिक्षकों ने आए हुए मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान बच्चों की रैली गांव की सभी गलियों में निकली जहां ग्रामीणों ने रैली का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की रैली के दौरान विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम समेत सभी शिक्षकों ने मुख्य अतिथि समेत सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर दर्जनों वरिष्ठ नागरिक एवं प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक गण एवं बच्चे मौजूद रहे

खास समाचार

## अवैध रूप से काबिज 42 दुकानदारों को प्रशासन ने थमाई नोटिस

तिलोई, अमेठी। क्षेत्र के स्थानीय बाजार में अवैध रूप से दुकान बनाकर रोजगार कर रहे 42 दुकानदारों को प्रशासन ने कड़ी चेतावनी देते हुए नोटिस जारी कर दी है। काबिज दुकानदारों को एक सप्ताह का समय देते हुए दुकानों हटाकर भूमि खाली करने का निर्देश दिया हैं। तिलोई तहसील प्रशासन इन दिनों सरकार की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप से काबिज लोगों से मुक्त कराने के लिए कार्यवाही के मूड में नजर आ रहा है। वर्ष भर पहले ग्राम सभा की भूमि गाटा संख्या 2517 बंजर पर बनी 18 दुकानों को प्रशासन ने अवैध करार देते हुए जमीदोज कराया था। पैमाइश के दौरान गाटा संख्या 2518 जो बंजर भूमि के नाम दर्ज है उसे पर भी अवैध रूप से पक्की 42 दुकान खड़ी पाई गई। हाल के ही दिनों में उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह मौके का निरीक्षण भी किया था। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को हल्का लेखपाल नितिन त्रिपाठी ने सभी 42 दुकानदारों को कब्जा मुक्त की नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर दुकान हटाकर भूमि खाली करने का बात कहीं है। नोटिस जारी होते ही काबिज दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में उप जिलाधिकारी ने बताया कि किसी को भी सरकारी भूमि पर कब्जा करने का अधिकार नहीं हैं।

## नहर में तैरता मिला युवती का शव

जगदीशपुर अमेठी। शारदा सहायक खंड 28 हैदरगढ नहर में अज्ञात युवती का शव तैरता देख ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बढौली गांव से कुछ दूर नहर पुल के पास युवती का तैरता शव देखा जिसकी उम्र लगभग तीस वर्ष थी जिसे देखने के लिए वहां लोगो कीभीड जमा हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को बाहर निकाल कर आसपास के लोगो से पूछताछ करते हुए शव की पहचान कराने के लिए काफी कोशिश की परंतु कोई अता पता ना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है तथा अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

जगदीशपुर अमेठी। जल चढाने मंदिर पर जा रही वृद्ध महिला ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरूगंज मजरे टांडा गांव निवासी सूरसती उम्र लगभग 80 वर्ष जो गांव से कुछ दूर स्थित शिव मंदिर में जल चढाने जा रही थी जहां वह रेलवे ट्रैक पार ही कर रही थी कि अचानक ट्रेन आ गई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि वृद्ध महिला को सुनाई कम देता था जिसके चलते वह दुर्घटना का शिकार हो गई फिलहाल शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मंडल मुसाफिरखाना "मेरी माटी- मेरा देश" अभियान की तैयारी बैठक संपन्न

मुसाफिरखाना, अमेठी। सोमवार को मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र के अध्यक्षता में मुसाफिरखाना चेयरमैन बृजेश गुप्ता के आवास पर ₹मेरी माटी- मेरा देश₹ अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि मंडल मुसाफिरखाना के पालक जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने मंडल टोली की बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मां भारती के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले असंख्य वीर/वीरांगनाओं की पावन स्मृतियों को जीवंत रखने, उनको सम्मान देने के लिए शुरू हुआ। मेरी माटी- मेरा देश अभियान जन-जन का अभियान है। देश भर के गांवों से एकत्र की गई मिट्टी से राष्ट्र गौरव व एकता के प्रतीक के रूप में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर राष्ट्रीय एकात्मकता के नए सूर्य को उदित करेगा। विशिष्ट अतिथि मंडल के प्रभारी राजीव शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि अमृत कलश यात्रा में हम सभी पूर्ण समर्पण के साथ सहभाग हेतु संकल्पित हों। बैठक में जिला मंत्री अतुल सिंह आईटी जिला संयोजक अंशु तिवारी जिला कार्यसमिति सदस्य शिवनारायण सिंह सुरेश तिवारी ओम प्रकाश पांडेय हरिशंकर दुबे श्री राम कौशल मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल करूणा प्रसाद तिवारी अमित यादव करण यादव, देवनारायण यादव अनिल मिश्र राजेश सिंह धनंजय तिवारी मृदुल मुकेश प्रेम नाथ वर्मा श्याम लाल यादव रामशंकर निषाद देशराज यादव विजय जायसवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रालोद ने मृतक के परिजनों को 50-50 लाख रुपए, घायलों को 10 -10 लाख रु0 का मुआवजा देने की मांग सरकार से की



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने जनपद बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र के काजीपुर में 4 मंजिला इमारत गिरने से हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है, इस घटना में दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए हैं। श्री दुबे ने दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 50 - 50 लाख व गम्भीर रूप से घायलों को 10 - 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग सरकार से की है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक 14 से 16 सितंबर तक पुणे में होगी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली अखिल भारतीय समन्वय बैठक इस वर्ष महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित होने जा रही है। तीन दिवसीय यह समन्वय बैठक 14-15-16 सितंबर 2023 को होगी। यह अखिल भारतीय स्तर की व्यापक समन्वय बैठक वर्ष में एक बार आयोजित होती है। इस बैठक में पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी पांचों सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में 36 संघ प्रेरित विविध संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होंगे। जिसमें प्रमुख संगठन राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ, संस्कार भारती, सेवा भारती, संस्कृत भारती, अखिल भारतीय साहित्य परिषद इस बैठक में सहभागिता करेंगे। ये संगठन और इनसे जुड़े पदाधिकारी समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सेवा, समर्पण और राष्ट्र भाव से सक्रिय रहते हैं। पिछले वर्ष यह बैठक छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित हुई थी। इस बैठक में सहभाग करने वाले सभी संगठन, सामाजिक जीवन के विविध पक्षों के अपने अनुभव और कार्यों के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा करेंगे। बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य के साथ ही सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सेवा कार्य, सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न क्षेत्रों में करणीय कार्यों पर भी चर्चा होगी। उक्त जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने दी।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में मिला प्रथम स्थान, डीएम ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी आईजीआरएस अर्पित गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं अथक प्रयास से जनपद अमेठी को माह अगस्त 2023 की रैंकिंग में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी निर्देश दिये हैं कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर रहें तथा शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं, जिसको लेकर जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपदीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया गया जिससे जनपद को यह अभूतपूर्व सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल पर माह अगस्त में कुल 3491 संदर्भ प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष अधिकारियों द्वारा 2465 संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया है। तथा कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं होने पाई एवं माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से किसी भी शिकायत को सी श्रेणी नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई पोर्टल में दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा भी नियमित रूप से आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाती है और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण हेतु निर्देशित किया जाता है। आईजीआरएस टीम के ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर मनीष कुमार, राम सूरत व अजय के कुशल प्रयास से जनपद जन शिकायत निवारण प्रणाली में शिकायतों के निस्तारण में माह अगस्त 2023 में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान आने पर जिलाधिकारी ने आइजीआरएस टीम व जनपदीय अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी।

## गरौठा - ककरवई मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आवागमन रहा बाधित



अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। गरौठा ककरवई सम्पर्क मार्ग पर ग्राम कचीर और हीरानगर के बीच अचानक पुलिया धंस जाने से कई घंटे आवागमन बाधित रहा। बता दे की इस मार्ग से दिन-रात छोटे व भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है। सोमवार को दोपहर एक ट्रक उक्त पुलिया से जैसे ही गुजरा तभी अचानक पुलिया का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर धंस गया। इसी दौरान वहां वाइक से गुजर रहे कुछ राहगीर भी दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गये। जानकारी मिलने पर पीडवल्यूडी के जेई ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर स्कूल बस सहित कई वाहन फंस गये। इसके बाद जेसीबी से पुलिया के बगल से अस्थाई कच्चा रास्ता बनाया गया। तव जाकर सुचारु रूप से आवागमन शुरू हो सका।

## कल्पवृक्ष है श्रीमद्भागवत महापुराण : आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज

अमन लेखनी समाचार



वृन्दावन। रमणरेती क्षेत्र स्थित फोगला आश्रम में सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ श्रीनाभापीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीमद्भागवत ग्रंथ व व्यासपीठ का पूजन-अर्चन करके किया। इससे पूर्व श्रीहनुमान टेकरी आश्रम से कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें देश-विदेश के अनेकों भक्त-श्रद्धालु श्रीराधा कृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजनों पर नाचते-झूमते हुए साथ चल रहे थे।

व्यासपीठ से श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की महिमा श्रवण कराते हुए कहा कि संसार ने श्रीमद्भागवत महापुराण ही एक ऐसा ग्रंथ है, जो कल्पवृक्ष के समान है। इसका आश्रय लेने वाले व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही उनके सभी पापों का क्षय हो जाता है

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में समस्त धर्म ग्रंथों का समावेश है। क्योंकि महर्षि वेदव्यासजी महाराज ने सभी ग्रंथों की रचना करने के बाद श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना की थी। इसीलिए इसे पंचम वेद माना गया है।

इस अवसर पर महोत्सव की मुख्य यजमान श्रीमती अनुभी गोयल व शिवन्या चंद्र गोयल (नोएडा), वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, पंडित उमाशंकर महाराज, आचार्य किशोर कुमार शर्मा, आचार्य राजा पंडित, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झांसी। आगामी त्यौहार चेहल्लुम एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। शांति समिति की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। एवं त्यौहारो पर डी.जे.को भी सीमित आवाज में बजाने की बात कही। इसके साथ ही त्योहारों पर धार्मिक स्थलों और कस्बा में साफ सफाई व्यवस्था सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को हटाने की व्यवस्था बिजली पानी की नियमित व्यवस्था को सुचारु रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने ऑपरेशन दृष्टि के अंतर्गत ग्राम प्रधानों से अपने अपने गांव में सीसीटीवी कैमरा लगवाने को कहा जिससे संगीन घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, अयूब सिद्दीकी एडवोकेट, अब्बू महाराज, दयाशरण रिछारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लन गुप्ता, विदेश राजपूत प्रधान निमगहना, नरेश सिंह परिहार प्रधान, संजय राजा परमार, बबलू मिश्रा प्रधान रमपुरा, झुनी मास्टर, सुबीन खान, फजल अहमद सहित बड़ी संख्या में कस्बा एवं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## साप्ताहिक बाजार में चल रहा अवैध वसूली का सिलसिला, हाईकोर्ट से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। शासन के निर्देश के बावजूद भी शुकुल बाजार क्षेत्र के कस्बे में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में सब्जी विक्रेताओं से जबरिया अवैध वसूली की जा रही थी। जिसको लेकर शिकायतकर्ता ने स्थानीय प्रशासन से लेकर जिलाधिकारी अमेठी तक की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाए जाने की मांग की थी परंतु इस ओर प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की जिससे आहत होकर शिकायतकर्ता ने लखनऊ हाईकोर्ट न्यायालय की शरण ली। बताते चले कि थाना क्षेत्र के मवैया रहमत गढ़ कस्बा बाजार शुकुल के रहने वाले अमर कुमार ने शुकुल बाजार कस्बे के रामलीला मैदान में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में सब्जी विक्रताओ से हो रही अवैध वसूली को लेकर स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन कोई भी अधिकारी इस अवैध वसूली की ओर ध्यान नहीं दे रहा था। जिसको लेकर शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट का शरण लेते हुए न्याय की गुहार लगाई। जिस पर हाईकोर्ट ने अवैध तरीके से हो रही तहबाजारी पर रोक लगाते हुए दोषियों पर विधिक कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश शासन को दिया था। शिकायतकर्ता आरोप है कि दो सप्ताह बीत गए लेकिन एक बार फिर अमेठी प्रशासन ने अवैध तरीके से छोटे दुकानदारों से वसूली कर रहे लोगो पर अभी तक कोई कार्यवाही नही की, जिससे अवैध वसूली कर रहे आरोपियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि आज भी लगने वाली साप्ताहिक बाजार में गुप चुप तरीके से अवैध वसूली की जा रही है। वही स्थानीय पुलिस इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

### शासनादेश के बाद भी हो रही वसूली

शिकायत कर्ता अमर कुमार ने बताया कि तहबाजारी को लेकर शासन ने 11अक्टूबर 2021 को उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत अधिनियम, के तहत जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाली साप्ताहिक हाट बाजारों में तहबाजारी को समाप्त कर दिया था। यह आदेश जिला पंचायत, ग्राम पंचायत और निजी भूमि पर लगने वाली बाजारों पर भी लागू है। इस आदेश के बावजूद रामलीला मैदान में तहबाजारी के नाम पर वसूली की जा रही है।

### डा0 इलमारन, एसपी अमेठी--

बाजार शुकुल के रहने वाले अमर कुमार ने तहबाजारी की शिकायत की है। इस मामले की जांच एसओ को दी गई है। तहबाजारी के नाम पर वसूली की तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया हैं। हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराया जायेगा साथ ही आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी

## वन दरोगा की कड़ी कार्यवाही से वन माफियों मे हड़कंप



अमन लेखनी समाचार

सुबेहा, बाराबंकी। वन दरोगा रात्रि गश्त पर थे उनको प्रातः 4.0 बजे मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम शुकुलपुर मे अवैध पेड़ों का कटान हो रहा है त्वरित कार्यवाही करते हुए वन दरोगा अनुज कुमार सिंह द्वारा सरायगोपी चौकी इंचार्ज राकेश कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक पेड़ आम को काटकर ठेकेदार अयोध्या प्रसाद निवासी अजीतन का पुरवा थाना शुकुल बाजार जिला अमेठी के द्वारा काटा गया। उक्त पेड़ हरिहर प्रसाद दुबे निवासी शुकूलपुर थाना सुबेहा जिला बाराबंकी का था। जिसे 2 पिकपों पर लादकर मौके से भागने की तैयारी की जा रही थी। तभी दोनों पिकपों को पकड़ लिया गया जिसे सुबेहा थाना ले जाकर सीज कर मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया।

## छात्रा के साथ कार में गैंगरेप, चलती कार से फेंका

बुलंदशहर। जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र छात्रा के साथ गैंगरेप करने का मामला प्रकाश में आया है क घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब पीड़ित छात्रा डिग्री कालेज से पढ़ कर शाम को घर वापस लौट रही थी क पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया है क मामला जिले जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के एक डिग्री कालेज का है क बीए की छात्रा जब शाम को कालेज से पढ़ कर निकली क उसी समय उसकी जान पहचान का एक दूसरे समुदाय के लड़के ने उसे कार में लिफ्ट दिया क कार में पहले से 03 लोग बैठे हुए थे क पीड़िता के अनुसार पहले कार को सुनसान जगह पर ले गए, जहां उन्होंने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई जिसमें नशीला पदार्थ मिला था। चारों ने मिलकर सामूहिक बलात्कार किया और सड़क के किनारे कार से बाहर फेंक कर चले गए क राहगीरों ने उसे उठा कर अस्पताल ले कर गए क इसके बाद घर वालों को जानकारी हुई क परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

## रोटरी क्लब मऊ ने शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



मऊ। रोटरी क्लब मऊ द्वारा शारदा नारायण के सभागार मे शिक्षक दिवस की पूर्व सध्या पर शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षको का सम्मान किया गया। रोटरी सम्मान समारोह का शुभारम्भ सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी 3120 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर गवर्नर सुनील बंसल, रोटरी क्लब मऊ के अध्यक्ष अजीत सिंह, सचिव शौरभ बरनवाल, डॉ संजय सिंह, डॉ एस सी तिवारी, डॉ एच एन सिंह, शमीम अहमद और उपस्थित गणमान्य लोगो द्वारा दीप प्रज्वलन और भारत के पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं बिटिया शौर्यया द्वारा सरस्वती वंदना कर के किया गया।

इसके पश्चात शिक्षा के क्षेत्र मे अपना अमूल्य एवं बिशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों मे जिनमे मुख्य रूप से श्री अरविन्द शाही केंद्रीय बिद्यालय मऊ, श्रीमती कंचन लता पाण्डेय डी ए वी स्कूल मऊ, श्री अंजनी सिंह प्राथमिक विद्यालय कईया, श्री मनोज सिंह प्राथमिक विद्यालय जयसिंह पुर, प्रेम लता सिंह कन्या प्राथमिक बिद्यालय बगली पिंजड़ा, पर्यावरणविद शैलेन्दर यादव, और हाल ही मे राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार के लिए चयनित श्री रामबिलास भारती को मुख्य अतिथि सुनील बंसल, रोटरी अध्यक्ष और सचिव द्वारा उनका माल्यार्पण, अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, पौधा और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

रोटरी क्लब मऊ के अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट ने सम्मान समारोह मे आये हुए सभी का स्वागत किया और कहा कि यह क्लब के लिए गौरव कि बात है कि हमें ऐसे शिक्षकों का सम्मान करने का सौभाग्य मिला जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र मे अप्रतिम योगदान दिया है। इस अवसर पर अजीत सिंह ने पर्यावरण के महत्व को देखते हुए 1100 पौधे अपने कार्यकाल मे लगाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ रोटेरियन डॉ संजय सिंह ने कहा की शिक्षा कि पहली पाठशाला माँ होती है लेकिन गुरु का स्थान भगवान से भी ऊँचा होता है। वरिष्ठ रोटेरियन डॉ एच एन सिंह ने कहा कि पहले गुरुकुल हुआ करते थे और राजा से लेकर समान्य जन तक के बच्चों को बिना किसी भेदभाव के गुरु जी लोग पढ़ाया करते थे आज भी शिक्षक बिना किसी भेदभाव के अपने शिष्य को शिक्षा देता है क मुख्य अतिथि गवर्नर सुनील बंसल ने रोटरी क्लब मऊ द्वारा शिक्षक सम्मान करने पर क्लब के अध्यक्ष सचिव और पूरी टीम की सराहना की और कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होता है इसलिए उसे सदैव अपने दायित्व और कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

## खबर संक्षेप

### सभी खाद्य तेलों की कीमतों में सुधार का रुख



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहनों के थोक भाव में मजबूती का रुख देखने को मिला। मलेशिया और अमेरिका में मौसम की स्थिति को लेकर अस्पष्टता बनी हुई है और इस संबंध में आगामी मौसम की रिपोर्ट आने पर ही स्थिति साफ होगी।

### हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री छह प्रतिशत बढ़ी

Hero MotoCorp

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की अगस्त में कुल बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 4,88,717 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसने 4,62,608 इकाइयां बेची थीं। हीरो मोटोकॉर्प की पिछले महीने घरेलू बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 4,72,947 हो गई जबकि अगस्त 2022 में यह 4,50,740 इकाई थी।

### स्टीलबर्ड उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** हेलमेट बनाने वाली कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया अपने मौजूदा विनिर्माण संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 105 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनायी है। उसका लक्ष्य एक करोड़ हेलमेट उत्पादन का है। कंपनी इस पूंजी का उपयोग हिमाचल प्रदेश के बद्दी और उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी।

# दिवालिया होने की कगार पर साफ्ट ड्रिंक कंपनी रसना! एनसीएलटी लेगा फैसला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सॉफ्ट ड्रिंक बनाने वाली कंपनी रसना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनसीएलटी यानी नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने रसना के खिलाफ इंसॉल्वेंसी की अर्जी मंजूर कर ली है। यह मामला 71 लाख रुपए के माल ढुलाई न चुकाने से संबंधित है।

- भारत रोड कैरियर नाम की कंपनी ने दिवालियापन की अर्जी लगाई थी

भाड़ा नहीं चुकाने पर भारत रोड कैरियर नाम की कंपनी ने दिवालियापन की अर्जी लगाई थी। लॉजिस्टिक फर्म के मुताबिक, ब्रेवरेज कंपनी पर उसका 71.3 लाख रुपए बकाया है। कंपनी के मुताबिक, यह मामला कोरोना महामारी से काफी पहले का है। जब उसने रसना को कई सामान भेजे थे, जिसकी इनवॉइस अप्रैल 2017 से अगस्त 2018 के बीच बनी थी।

## रसना के खिलाफ एनसीएलटी ने इंसॉल्वेंसी की अर्जी मंजूर की

### इस तरह पड़ा रसना नाम

अमीर हो या गरीब रसना से सबके गले की प्यास बुझाई है। रसना ने लोअर मिडिल क्लास को एक सस्ता कार्बोनेटेड ड्रिंक उपलब्ध कराया। रसना समूह के संस्थापक अरिज पिरोजशा खंबाटा ने साल 1976 में ऐसे ड्रिंक तैयार किए जो झटपट बन जाते थे। उन्होंने एक ऐसी ही यूनिक रेडी-टू-सर्व कांसन्ट्रेट सॉफ्ट ड्रिंक बनाई और नाम रखा 'जाफे'। यह अलग तरह का नाम होने के कारण लोगों के बीच पॉपुलर नहीं हो पाया। इसके बाद उन्होंने इसका नाम बदलने का फैसला लिया।




### आय में आई कमी

साल 1979 में ड्रिंक का नाम बदलकर 'रसना' रखा जिसका मतलब होता है जूस। साल 2009 में रसना ने सॉफ्ट ड्रिंक बाजार में 93 फीसदी तक हिस्सेदारी हासिल कर ली। कंपनी ने कई फ्लेवर्स एड किए। साल 2011 में कंपनी का कारोबार 3.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि बीते वक्त में कंपनी की आय में कमी आई है।

### लॉजिस्टिक फर्म कोर्ट में नहीं हुई पेश

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में रसना ने अपने बचाव में कहा है कि नवंबर 2018 में भारत रोड कैरियर के खिलाफ 1.25 करोड़ रुपए के नुकसान का मामला दायर किया था। जिसे अहमदाबाद के कॉमर्शियल कोर्ट में दायर किया गया था। मामले को मध्यस्थता के लिए भेजा गया था। लेकिन लॉजिस्टिक फर्म मीडिएटर के सामने पेश नहीं हुई। कॉमर्शियल कोर्ट ने 30 अप्रैल 2019 को नोटिस जारी किया, लेकिन जवाब दाखिल करने की तारीख तक भी कंपनी कोर्ट के सामने पेश नहीं हुई थी।

## भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

# भारत का रूस से कच्चा तेल आयात घटकर सात माह के निचले स्तर पर

*मई में आयात 20 लाख बैरल प्रतिदिन था : रियायती दरों पर रूसी तेल मिलने की वजह से उसके बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से रूस से आयात बढ़ाना शुरू किया। मई में रूस से कच्चा तेल आयात 20 लाख बैरल प्रतिदिन के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी तेल पर यूरोपीय देशों और जापान जैसे एशिया के कुछ खरीदारों ने प्रतिबंध लगा दिया था।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मानूसन की बारिश की वजह से मांग घटने के चलते अगस्त में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर सात माह के निचले स्तर पर आ गया है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात अगस्त में लगातार तीसरे महीने घटा है।

ऊर्जा की खेप पर निगाह रखने वाली कंपनी 'वॉर्टेक्सा' के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में भारत ने रूस से प्रतिदिन 14.6 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा। इससे पिछले महीने भारत ने रूस से प्रतिदिन 19.1 लाख बैरल तेल खरीदा था। इसके अलावा भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने एक अन्य शीर्ष आपूर्तिकर्ता इराक से भी आयात घटाया है।

### अक्टूबर में आयात बढ़ने की उम्मीद

हालांकि, अक्टूबर में कच्चे तेल के आयात में बढ़ोतरी की उम्मीद है, क्योंकि चौथी तिमाही में मांग रफ्तार पकड़ेगी। वॉर्टेक्सा की एशिया-प्रशांत की विश्लेषक सेरेना हुआंग ने कहा, कई भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने सितंबर से नवंबर तक रखरखाव की योजना बनाई है, जो उनके कच्चे तेल के आयात को सीमित कर सकता है।

रूस से प्रतिदिन 14.6 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा ▸ मानसून की बारिश की वजह से मांग घटी ▸ आयात अगस्त में लगातार तीसरे माह गिरा ▸ यूक्रेन हमले के बाद कई देशों ने लगाई पाबंदी

### सऊदी अरब से आयात बढ़ा

इराक से आयात 8,91,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) से घटकर 8,66,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस दौरान सऊदी अरब से आयात जुलाई के 4,84,000 बैरल प्रतिदिन से बढ़कर 8,20,000 बैरल प्रतिदिन हो गया है। पिछले साल फरवरी में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने से पहले भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम थी।



### यूएई से भी कच्चा तेल आयात घटा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भी भारत का कच्चा तेल आयात अगस्त में घटकर 2,73,000 बैरल प्रतिदिन रह गया है, जो अगस्त में 2,90,000 बैरल प्रतिदिन था। अमेरिका से भारत की खरीद जुलाई के 2,19,000 बैरल प्रतिदिन से घटकर 1,60,000 बैरल प्रतिदिन रह गई है। भारत का कुल कच्चा तेल आयात अगस्त में सात प्रतिशत घटकर 43.5 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है।

### कीमत 10 डॉलर प्रति बैरल से भी कम हुई

इसके चलते रूसी यूराल कच्चे तेल का कारोबार ब्रेंट क्रूड (वैश्विक बेंचमार्क) से कम कीमत पर किया जाने लगा। हालांकि, रूसी यूराल ग्रेड पर छूट पिछले साल के मध्य में लगभग 30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कम होकर 10 डॉलर प्रति बैरल से भी कम हो गई है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जमीन के नीचे से निकाले गए कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे तैयार उत्पादों में बदलती हैं।

भारतीय रिफाइनरी कंपनियां अब रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार हैं क्योंकि वाहनों के बड़े पैमाने पर विद्युतीकरण और अर्थव्यवस्था में अस्थिरता के कारण चीन का आयात प्रभावित हुआ है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियों के कुल आयात में यूक्रेन युद्ध से पहले रूस का हिस्सा दो प्रतिशत से भी कम था, जो बाद में रियायती दरों पर उपलब्ध तेल की वजह से 33 प्रतिशत पर पहुंच गया था।

**भारत, रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार**

# टाटा की ब्रिटिश संयंत्र के लिए धन जुटाने की वार्ता अंतिम चरण में

एजेंसी ▸▸ लंदन

टाटा स्टील साउथ वेल्स में अपने पोर्ट टालबोट संयंत्र के लिए ब्रिटेन सरकार से लगभग 50 करोड़ पाउंड की आर्थिक मदद पर सहमति बनाने के लिए सरकार के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रही है। भारत की प्रमुख इस्पात कंपनी ब्रिटेन के सबसे बड़े इस्पात कारखानों के महत्वपूर्ण हरित परिवर्तन के संबंध में लंबे समय से चर्चा में रही है। इसमें देश के इस्पात उद्योग की हजारों नौकरियां शामिल हैं। 'स्काई न्यूज' की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष इस मामले में सहमति के करीब हैं। टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा, 'बेहद चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों के बीच टाटा स्टील ब्रिटेन में इस्पात विनिर्माण की निरंतरता और कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए ब्रिटेन सरकार के साथ एक रूपरेखा पर चर्चा कर रही है, क्योंकि इसकी कई संपत्तियों की मियाद पूरी होने वाली है।'



- ब्रिटेन सरकार से लगभग 50 करोड़ पाउंड की मदद पर बनी सहमति
- टाटा स्टील का साउथ वेल्स में पोर्ट टालबोट में है संयंत्र

### कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की पहल

प्रवक्ता ने कहा, 'ब्रिटेन में हमारे व्यवसाय की वित्तीय रूप से सीमित स्थिति को देखते हुए कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन केवल सरकारी निवेश और समर्थन से ही संभव है। यूरोप के अन्य इस्पात उत्पादक देशों में भी ऐसा देखा गया है, जहां सरकारें सक्रिय रूप से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने वाली पहल में कंपनियों का समर्थन कर रही हैं।'

### कनाडा ने अचानक रोकी भारतीय व्यापार वार्ता

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने पिछले महीने भारत के साथ व्यापार वार्ता पर रोक लगा दी। खुद कनाडा ने भारत से इस संबंध में अनुरोध किया था। यह वार्ता ऐसे समय में रोकी गई है जब कनाडाई पीएम ट्रूडो जी20 समिट के लिए नई दिल्ली आने वाले हैं। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने भी वार्ता रोके जाने की पुष्टि की है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त एसके वर्मा ने कहा कनाडाई पक्ष ने भारत के व्यापार समझौते की बातचीत को 'विराम' देने का सुझाव दिया है।



सामान पैक करने का भी नहीं दिया समय

# इंफाल में अंतिम बचे 10 कुकी परिवारों को किया गया शिफ्ट

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के इंफाल में 10 कुकी परिवारों को कांगपोकपी में स्थानांतरित किया गया। चार महीने पहले राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बावजूद वह अपने घरों को छोड़ कर कहीं नहीं गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन परिवारों को उत्तरी किनारे पर कुकी-प्रभुत्व वाले कांगपोकपी जिले में ले जाया गया, क्योंकि ये हमलावरों के टारगेट में बने हुए थे। 10 कुकी परिवारों को इंफाल से लगभग 25 किमी दूर कांगपोकपी जिले के मोटबुंग तक 'सुरक्षित मार्ग' प्रदान किया गया।

### कुकी परिवार का आरोप



कुकी परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें न्यू लाम्बुलेन क्षेत्र में मोटबुंग में उनके आवासों से जबरन बेदखल किया। कुछ वर्दीधारी सशस्त्र कर्मियों की एक टीम 1 सितंबर की रात इंफाल के न्यू लाम्बुलेन में आई।

### 300 आदिवासी परिवारों ने छोड़ा अपना घर

न्यू लैंबुलेन क्षेत्र के 300 आदिवासी परिवार 3 मई को जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से अपना घर छोड़ चुके है। वैफेई ने एक बयान में कहा, 'हममें से 24 लोगों को अपना सामान पैक करने का भी समय नहीं दिया गया और हमें केवल पहने हुए कपड़ों के साथ वाहनों में ले गए।

भारत के बारे में की अशोभनीय टिप्पणी

# भारतीय किराएदार को भेजा नस्लवादी ईमेल पड़ा महंगा

एजेंसी ▸▸ कैनबरा

एक भारतीय किराएदार को नस्लवादी ईमेल भेज कर एक ऑस्ट्रेलियाई रियल एस्टेट एजेंट ने बवाल खड़ा कर दिया है। इतना ही नहीं, आरोपी व्यक्ति ने भारत देश के बारे में भी बेहद अशोभनीय टिप्पणी की। हालांकि बाद में उसे इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ गया। ऑस्ट्रेलिया में इस रियल एस्टेट एजेंट ने एक पूर्व भारतीय किरायेदार को नस्लवादी ईमेल भेजा था। इसके बाद एजेंट को निलंबित कर दिया गया है।



### एजेंट ने बाद में मांगी माफी

एजेंट ने मेल में लिखा था कि यदि आपने रवैया नहीं बदला तो भारत पर्थ बन जाएगा। पोलिट ने बाद में एक ईमेल में कुमार से माफी मांगते हुए कहा कि उनका इरादा नस्लवादी होने का नहीं था। अगर आपको लगता है कि मैं आपके खिलाफ नस्लवादी हूं तो मैं माफी मांगती हूं। यह मेरा इरादा कभी नहीं था।

भूकंप दोपहर 3:29 पर आया, उठी लहरें

# अंडमान के समुद्र में आया भूकंप, तीव्रता 43 दर्ज

एजेंसी ▸▸ अंडमान

भारत के समुद्री द्वीप अंडमान के नजदीक सागर में भूकंप के तेज झटके आये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 43 दर्ज की गई है। भूकंप दोपहर 3:29 पर आया था। भूकंप आने की वजह से कोई नुकसान तो नहीं लेकिन अचानक से लहरें ऊंची और तेज हो गईं।



### रिक्टर स्केल और भूकंप की तीव्रता का संबंध?

- 0 से 1.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर सिर्फ सीज्मोग्राफ से ही पता चलता है।
- 2 से 2.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर हल्का कंपन होता है।
- 3 से 3.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर कोई ट्रक आपके नजदीक से गुजर जाए, ऐसा असर होता है।
- 4 से 4.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर खिड़कियां टूट सकती हैं। दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं।
- 5 से 5.9 रिक्टर स्केल पर भूकंप आने पर फर्नीचर हिल सकता है।

अमेरिकाः बारिश की वजह से पूरा रेगिस्तानी इलाका कीचड़ में तब्दील

# बर्निंग मैन फेस्टिवल मना रहे 70 हजार लोग कीचड़ में फंसे

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटनडीसी

अमेरिका के नेवाडा राज्य में बर्निंग मैन फेस्टिवल के लिए इकट्ठा हुए 70 हजार लोग कीचड़ में फंस गए हैं। एक की मौत हो चुकी है। दरअसल, अमेरिका के नेवाडा राज्य में हर साल हजारों लोग एक कल्चरल फेस्टिवल मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं। इस बार लगातार 24 घंटों तक बारिश की वजह से पूरा रेगिस्तानी इलाका कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे लोग चल भी नहीं पा रहे हैं। कीचड़ के बीच गाड़ी चलाना खतरे से खाली नहीं। आगे भी बारिश होने की संभावना है।

**खास बातें**

- सरकार ने खाना-पानी बचाने को कहा
- कीचड़ में फंसे लोग चल भी नहीं पा रहे हैं
- कुछ दिन तक बारिश की है संभावना

### कई दिनों तक फंसे रह सकते हैं लोग



बर्निंग मैन फेस्टिवल नेवाडा के ब्लैक रॉक सिटी में होता है। जो दुनिया के सबसे बेजान रेगिस्तानों में से एक है। यहां लोग कैंप लगाकर कई दिनों तक रहते हैं। अब इमरजेंसी सर्विसज के अलावा इस इलाके में सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस इवेंट के ऑर्गेनाइजर्स का कहना है कि लोग कई दिनों तक यहां फंसे रह सकते हैं।

**2022 में बर्निंग मैन फेस्टिवल की झलक**

फेस्टिवल में आने वाले लोगों को अपने तरीके से जीने की आजादी दी जाती है। वो सही मायने में आजादी का मतलब समझ सकें। हालांकि, सभी लोग पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हैं। इसकी वजह से यहां पर प्लास्टिक के सामान से बैन हैं।आप यहां पर सिर्फ साइकिल या पैदल ही घूम सकते हैं।

### 1990 में फेस्टिवल शुरू

इस फेस्टिवल की शुरुआत 1990 में हुई थी। तब 80 लोग जुटे थे। 1993 में यह संख्या 1000 के आंकड़े तक पहुंची। इस बार 70 हजार से ज्यादा लोग जुटे हैं। इसका आयोजन अमेरिका में छुट्टियों के दौरान मनाया जाता है। यहां दुनियाभर से आए लोग सेलफोन, इंटरनेट जैसी अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं से दूर रहकर पारंपरिक नाच-गाने और गीत संगीत के बीच एक सप्ताह गुजारते हैं। 'बर्निंग मैन' नाम इसलिए पड़ा, क्योंकि फेस्टिवल के आखिरी दिन बनाई गई कलाकृतियों को जलाते है। इसके पीछे का विचार ये है कि अपनी बनाई चीज को जलाकर हम अपने अंदर के अंहकार को खत्म कर देते हैं।

देश में भड़का आक्रोश, हिंसक झड़प में एक की मौत

# इराक में पुलिस मुख्यालय की कमान कुर्द प्राधिकारियों के हाथ

एजेंसी ▸▸ बगदाद

इराक में एक पुलिस मुख्यालय की कमान कुर्दिश प्राधिकारियों को सौंपे जाने से लोगों में आक्रोश भड़क उठा। कुर्द बलों और प्रदर्शनकारियों में इस दौरान बेहद हिंसक झड़प शुरू हो गई। जो खून संघर्ष में बदल गई। झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को भर्ती कराया गया है। उत्तरी इराक के किरकुक शहर में एक प्रमुख सुरक्षा प्रतिष्ठान की कमान संघीय अधिकारियों से स्थानीय कुर्द प्राधिकारियों को सौंपे जाने के खिलाफ जारी प्रदर्शन शनिवार को हिंसक हो गया, जिसमें एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई।



### प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प

किरकुक में इराक के संघीय पुलिस मुख्यालय की कमान कुर्दिश डेमोक्रेटिक पार्टी को सौंपे जाने से प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। किरकुक में मुख्यतः कुर्द, अरब और तुर्कमेन लोग रहते हैं। अक्टूबर 2017 में कुर्द प्राधिकारियों के कुर्द आजादी के लिए एक प्रतीकात्मक, लेकिन विवादास्पद जनमत संग्रह आयोजित करने के बाद संघीय बलों ने किरकुक और आसपास के तेल क्षेत्रों को अपने कब्जे में ले लिया था।